हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 14 जुलाई 2024

तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री



चुचुहियापारा में उत्साह से ताजिया बनाती बच्ची।



## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के लिए बैठक आज

**बिलासपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन के संबंध में आवश्यक बैठक रविवार 14 जुलाई को आयोजित की गई है। बैठक श्री राधा कृष्ण मंदिर नूतन चौक सरकंडा में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति व सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों सहित सभी को उपस्थिति होने का आग्रह किया गया।

### छत्री समाज की वार्षिक आषाढ़ी पूजा आज

**बिलासपुर।** छत्री समाज की वार्षिक आषाढ़ी 'टोटल्ला' पूजा 14 जुलाई को धूमधाम से मनाई जाएगी। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र राव सोमावार ने बताया कि अच्छी बारिश, बीमारी दूर करने और लोगों की खुशहाली के लिए ये पूजा की जाती है। समाज के नव मनोनीत अध्यक्ष विकास कायरवार ने बताया कि पूजा दोपहर 12 बजे तालापारा स्थित मरीमाई मन्दिर में की जाएगी।


### ज्येष्ठ नागरिक संघ का स्वास्थ्य शिविर आज

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ एवं अपोलो अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई रविवार को सुबह 10 से दोपहर 12 तक अनुभव भवन बृहस्पति बाजार के पास निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने बताया कि शिविर में अपोलो अस्पताल के जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ. मंदार गोकाले एवं संघ के डॉ. आरए शर्मा व डॉ. केके साव निशुल्क परामर्श देंगे। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच के साथ वाइटल्स की सुविधा उपलब्ध होगी। सचिव सत्यभामा अवस्थी व कोषाध्यक्ष डीपी गुप्ता ने कहा कि शिविर में सभी सामान्य जन जांच करा सकते हैं।

### नालियों के उफान से दुर्घटना की आशंका

**बिलासपुर।** मेडिकल काम्प्लेक्स रोड पर नाला पूरी तरह से जाम है, ऐसे में पानी की निकासी नहीं हो रही है। पिछले कई दिनों से पानी भरने के बाद नाली भर जाती है और नाली का पानी सड़कों से होकर गुज रहा है। इस दौरान नाली के पास ट्रांसफार्मर लगा है और जंक्शन बाक्स का पार नाली में लटक रहा है। हालत यह है कि तार पूरी तरह से नाली में डूब रहा है लेकिन बिजली विभाग और नगर निगम के अधिकारी बेपरवाह बने हुए है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

### स्कूटी में लगी आग मचा हड़कंप



**बिलासपुर।** सीपत रोड में एक ई स्कूटी में आग लगने से हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, परन्तु आग नहीं बुझी, इस बीच लोगों ने फायरब्रिगेड को इसकी सूचना दी, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। स्कूटी में आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नही हो सका है। इसके पहले भी कई बार ई स्कूटी में आग लगने की घटना हो चुकी है।

# प्राचीन प्रतिमाएं टाउन हाल में जहां-तहां बिखरीं, न लिस्टिंग न ही सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

कमरे की मरम्मत के नाम पर टाउन हाल में आठवीं और दसवीं शताब्दी की मूर्तियां बिखरी पड़ी हैं। इन मूर्तियों को कोई भी उठाकर ले जा सकता है। बिलासपुर कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित 1933 में बने टाउन हॉल के पार्किंग में 10 वीं और 11 वीं शताब्दी की बेशकीमती मूर्तियां बिना सुरक्षा के रख दी गई हैं।

दरअसल पुरातत्व विभाग वर्षों टाउन हॉल के एक हिस्से में बने पुराने पुरातत्व संग्रहालय को सुधार नहीं पाया। अब जब नगर निगम ने इस हिस्से को सुधारने के लिए काम शुरू कराया तो यहां रखी गईं प्राचीन प्रतिमाओं को पॉलिथिन में लपेटकर टाउन हॉल परिसर के खुले मैदान में रखवा दिया गया है। ऐसे में इन प्रतिमाओं की देख-रेख करने वाला कोई नहीं है। अनदेखी के चलते बेशकीमती मूर्तियां खराब हो रही हैं। खुले आसमान टाउन हॉल के मैदान पर पेड़ों के नीचे रखे इन मूर्तियों की कोई सुरक्षा करने वाला तक नहीं है।

## खुदाई के समय मिली है प्राचीन मूर्तियां



टाउन हॉल की छत निर्माण के दौरान एक ईंट गिरने से मूर्ति की पॉलिथीन फट गई, भाग्य से मूर्ति क्षतिग्रस्त नहीं हुई।

छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर का इतिहास भी बहुत अधिक पुराना और गौरवशाली है। बिलासपुर जिले के मल्हार, रतनपुर, तालागांव के अलावा कई इलाकों में खुदाई के दौरान कल्चुरी शासन की 1000 ई.पू 8 वीं, 10 वीं और 11 वीं शताब्दि प्राचीन मूर्तियां मिली थीं। टाउन हॉल के पुरातत्व संग्रहालय में इन ऐतिहासिक प्राचीन मूर्तियों और शिलालेखों को रखा गया था। लेकिन मरम्मत कार्य के चलते अब इन्हें कमरे से बाहर कर दिया गया है।

## खुले मैदान में रखी गई हैं 10 वीं और 11 वीं शताब्दी की मूर्तियां



कबाड़ के साथ पेड़ के नीचे और दीवारों से सटाकर दर्जनों मूर्तियों को यूं ही रख दिया गया है। टूट-फूट के साथ प्रतिमाओं के चोरी होने की आशंका है।

## इन प्रतिमाओं को बिखेरकर रख दिया

टाउन हॉल के पुराने कक्ष जिसमें पुरातत्व संग्रहालय बना था, वहां छठवीं से लेकर तेरहवीं शताब्दी तक की 113 प्रतिमाओं को रखा गया था। इसमें तालागांव से मिली चौंथी शताब्दी की कुबेर की प्रतिमा व स्तंभ, मदनपुर गढ़ से प्राप्त 11 वीं शताब्दी की गंगा की प्रतिमा, रतनपुर से प्राप्त 11 वीं शताब्दी के भगवान आदिनाथ, नदी देवी की प्रतिमा, द्वार सागर से मिली 11 वीं शताब्दी की अंबिका,गोमेद,कौमारी की प्रतिमा, गनियारी से मिली मिली 12 वीं शताब्दी की मां पार्वती व सूर्य देव की प्रतिमाएं, 13 वीं शताब्दी के अंतर्गत मदनपुर गढ़ की शिव,यमुना व शेव द्वारपाल की प्रतिमाएं सहित दर्जनों पुरातात्वीक प्रतिमाएं रखी हुई हैं।

### मूर्तियां लगातार हो रही चोरी

जिले के मल्हार सहित अन्य क्षेत्र में प्राचीन अमूल्य मूर्तियों की लगातार चोरी हो रही हैं। यह अंतरराज्यीय तस्करों तक आसानी से पहुंच जाती हैं। जानकारों का कहना है कि तस्करी के लिए यहां की मूर्तियों को चोरी करना भी आसान है, क्योंकि इन मुर्तियों के संरक्षण पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जिले में 6 माह पहले ब्लैक स्टोन से निर्मित भगवान गरूण की मूर्ति मल्हार से चोरी हुई, वह अभी तक नहीं मिला पाई है।

### पुरातत्व विभाग के अफसरों से करेंगे चर्चा

टाउन हॉल के एक हिस्से की मरम्मत का कार्य रूका हुआ था। मरम्मत कराने के लिए यहां रखी पुराने मूर्तियों को निकालकर टाउन हॉल के अंदर और कुछ को पार्किंग में रखा गया है। इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पुरातत्व विभाग की है। उनके अफसरों से चर्चा कर मूर्तियों को सुरक्षित रखवाया जाएगा।

- **अमित कुमार,** आयुक्त नगर निगम बिलासपुर

## ईकोलाइ बैक्टीरिया के बाद अब कॉलरा का भी मिला केस

# स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद, फिर भी फैल रहा डायरिया, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला डायरिया के चपेट में है, रोजाना डायरिया के मरीज मिल रहे हैं, जहां स्वास्थ्य विभाग हफ्ते भर से जिले के ब्लॉक में कैंप लगाकर मरीजों का इलाज और दवा का वितरण कर रहा है, वहां भी स्थिति सुधर नहीं रही है। शनिवार को रतनपुर महामाया पारा में दोबारा 20 मरीज मिले हैं। वहीं सकरी के एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई है।

- **स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, कैंप लगाने के बाद भी नहीं सुधर रही स्थिति**

जिले में इकोलाइ और कॉलरा की धमक के बाद मरीज इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं, आलम यह है कि शनिवार को रतनपुर क्षेत्र में 20 नए मरीज डायरिया से पीड़ित पाए गए। इस दौरान बिल्हा ब्लॉक के कर्मा, गुमा, नेवसा, मदनपुर में 16, मस्तुरी के भरारी में 2 मरीज मिले हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंप लगाकर स्वास्थ्य विभाग स्थिति कंट्रोल में करने का दावा कर रहा है, लेकिन हालत यह है कि लगातार डायरिया से पीड़ित मरीज मिल रहे हैं। वहीं इस दौरान अबतक 3 लोगों की मौत डायरिया की चपेट में आने से हो चुकी है। शनिवार को भी सकरी निवासी 50 वर्षीय बुजुर्ग की मौत वंदना अस्पताल में हो चुकी है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग व्यक्ति मदनपुर में डायरिया से हुए 45 वर्षीय हीराराम मृतक का परिजन है, जिसका उपचार अस्पताल में किया जा रहा था, लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई है।



### कहां कितने मरीज

| जगह | सर्वे | मरीज |
|---|---|---|
| मदनपुर | 422 | 17 |
| कर्मा | 212 | 21 |
| नेवसा | 1164 | 22 |
| भरारी | 546 | 44 |
| गुमा | 1391 | 20 |
| रतनपुर | 5248 | 245 |

### देवेंद्र की मरीजों से मुलाकात

कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव ने सिम्स जाकर डायरिया से पीड़ति मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने भर्ती मरीजों से हालचाल जाना, और डॉक्टरों से मरीजों के इलाज के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बरसात पूर्व स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को मुस्तैदी से काम करना था, लेकिन अधिकारी डायरिया फैलाने का इंतजार करते रहे। उन्होंने कहा कि डायरिया से लोगों की मौत हो रही है और प्रशासन महज कैंप लगा रहा है। उन्होंने नेवासा निवासी मृतक नेहा धीवर के परिजनों से भी मुलाकात की।

### बाराती भी बने मरीज

बताया जा रहा है कि मदनपुर में जहां डायरिया फैला है, वहां 15 से अधिक बारातियों को डायरिया ने अपनी चपेट में ले लिया है। विभाग इसे फूड पायजिनिंग मान रहा है। रतनपुर में पानी के एक सैंपल में कॉलरा के बैक्टीरिया भी पाए गए हैं। वहीं विभाग पहले ही इकोलाइ बैक्टीरिया पाए जाने की पुष्टि कर चुका है। ऐसे में इन दिनों हो रहे शादी समारोह को लेकर भी लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी जा रही है, जिससे डायरिया से बचाव संभव हो सके।

### किया जा रहा है सर्वे

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कैंप लगाकर सर्वे कर रहा है, दवा का वितरण भी किया जा रहा है। गंभीर मरीजों को सिम्स भी भेजा गया है। शनिवार को जो केस मिले हैं, उनमें से अधिकतर बाराती हैं जो किसी शादी कार्यक्रम का हिस्सा रहे है। ऐसे में फूड पायजनिंग से इनकार नहीं किया जा सकता है। मरीजों की जांच की जा रही है।

- **डॉ प्रभात श्रीवास्तव,** सीएमएचओ



### मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

## तेज बारिश की संभावना

**बिलासपुर।** मौसम विभाग ने भी जिले के लिए यलो अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं शनिवार को जिले में 20 मिमी बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश सहित जिले में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। शनिवार की शाम 4 बजे के बाद एक बार फिर अच्छी बारिश हुई। घंटे भर हुई बारिश के बाद शहर की सड़कों पर पानी भर गया। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को मानसून ने सुधार होने लगा है। इस दौरान अच्छी बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर अमृतसर, चंडीगढ़, गोरखपुर और उसके बाद पूर्व की ओर नागालैंड तक स्थित है। साथ ही एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उसके आसपास 5.8 किमी ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से झमाझम बारिश हो सकती है।

## अफसरों ने शहर में जन सुविधाओं व विकास के लिए प्रस्तावित स्थलों का किया दौरा



# चौड़ी होगी अमेरी की सड़क गोकुलधाम से हटेगा बेजा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के एक वैकल्पिक प्रवेश मार्ग अमेरी की सड़क अब चौड़ी होगी, यहां से कब्जा भी हटाया जाएगा। इसी तरह गोकुलधाम में सुनियोजित ढंग से किए गए बेजा कब्जा को हटाया जाएगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने अधिकारियों के साथ शनिवार को इन स्थानों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

- **शासकीय योजनाओं के लिए निगम को आवंटित भूमि से अवैध कब्जा हटाने निर्देश**

कलेक्टर श्री शरण ने शहर आने के लिए वैकल्पिक प्रवेश मार्ग के रूप में चिन्हांकित तिफरा से अमेरी मार्ग का निरीक्षण किया। लगभग 16 करोड़ का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। इसमें सड़क निर्माण के साथ मुआवजा भी शामिल है। सड़क की लंबाई 3.50 किलोमीटर और चौड़ाई 10 मीटर की होगी। उन्होंने सड़क के अलाइनमेंट को देखा और पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए।

### विभिन्न वार्डों का किया दौरा

कलेक्टर अवनीश शरण ने शनिवार को शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा किया। उन्होंने शहर में नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। प्रमुख रूप से बृहस्पति बाजार में सब्जी मार्केट, जूना बिलासपुर में पशु चिकित्सा अस्पताल के एक हिस्से में लाइब्रेरी, अमेरी से तिफरा तक शहर प्रवेश के लिए वैकल्पिक सड़क चौड़ीकरण और गोकुल नगर जायजा लिया। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना भी साथ थे। कलेक्टर अवनीश ने जूना बिलासपुर स्थित जिला पशु चिकित्सालय के एक हिस्से में लाइब्रेरी निर्माण के लिए स्थल चिन्हांकित किया। स्मार्ट सिटी और डीएमएफ मिलाकर लगभग 6 करोड़ में इसका निर्माण किया जाएगा। मुख्य रूप से बच्चों और बुजुर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखकर लाइब्रेरी सह वाचनालय का विकास किया जाएगा। लगभग 80 लोगों के एक साथ बैठने की क्षमता होगी।

### गोकुल नगर की सड़क के लिए प्रस्ताव बनाएं

कलेक्टर इसके बाद घुरू में गोकुल नगर की व्यवस्था देखी। उन्होंने नगर में सड़क रिनोवेट करने के प्रस्ताव देने को कहा। कुछ लोग गोकुल नगर में स्थल आबंटन के बाद भी शहर के भीतर डेयरी संचालित कर रहे हैं, उन्हें गोकुल नगर में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। यहां स्थित वेटरिनरी हॉस्पिटल में नियमित रूप से पशु चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है। गोकुल नगर के विस्तार सहित अन्य शासकीय योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए नगर निगम को घुरू में ही लगभग 66 एकड़ जमीन शासन द्वारा आबंटित की गई है। इस जमीन के हिस्से में कुछ लोग संघटित रूप से कब्जा कर लिए हैं। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पूरी जमीन को कब्जा मुक्त करने के निर्देश निगम को दिए।

### मल्टीलेवल में मार्केट होंगे 218 चबूतरे व 37 दुकानें

कलेक्टर ने बृहस्पति बाजार में प्रस्तावित सब्जी मार्केट का भी अवलोकन किया। नक्शा और स्थल का मिलान कर परियोजना को समझी। डीएमएफ और नगर निगम की संयुक्त राशि से इसे बनाया जा रहा है। 218 चबूतरा और 37 दुकान इसमें शामिल होंगे। पार्किंग, इमरजेंसी एक्जिट और वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था इसमें रखी गई है। उन्होंने तेजी से काम आगे बढ़ाने कहा है।

## शादी की ग्यारहवीं वर्षगांठ पर प्रेस क्लब के बने पहुना

# रिटायरमेंट के बाद बिलासपुर में रहना चाहते हैं कलेक्टर अवनीश शरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर अवनीश शरण बिलासपुर में नगर निगम कमिश्नर के पद से लेकर कलेक्टर तक तीन बार बिलासपुर में पदस्थ रहे। अब रिटायरमेंट के बाद बिलासपुर में ही रहना चाहते हैं। उन्होंने शनिवार को बिलासपुर प्रेस क्लब के पहुना कार्यक्रम में अपने जीवन के कई अनछुए पहलुओं से पत्रकारों को परिचित कराया।

कलेक्टर अवनीश शरण ने बताया कि बिलासपुर से उनका पुराना और गहरा नाता रहा है। उन्होंने बताया कि एन विधानसभा चुनाव के बीच में चुनाव आयोग ने उन पर भरोसा जताते हुए अक्टूबर महीने में बिलासपुर कलेक्टर के रूप में उन्हें भेजा। इसके बाद विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बेहतर क्रियान्वयन को वे अपने और विभाग की उपलब्धि मानते हैं। उन्होंने बताया कि साल 2010 में प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में भी उन्होंने प्रोबेशन काल बिलासपुर में ही बिताया था। इसके बाद साल 2012 से 2014 तक वे बिलासपुर नगर निगम कमिश्नर रहे। बीच करीब 11 माह उन्होंने जशपुर एसडीएम के रूप में बिताया, लेकिन अपने कार्यकाल का अधिकांश समय उन्होंने बिलासपुर में बिताया इसलिए मीडिया जगत के अधिकांश चेहरे उनके परिचित है। उन्होंने इस बात के लिए भी प्रसन्नता जाहिर की कि इन सबका लगातार सहयोग उन्हें मिला है।



- **शुरूआत में पढ़ने-लिखने में कमजोर होने के बाद बने आईएएस अफसर**

बिलासपुर शहर उनके लिए इसलिए भी यादगार है कि यहीं पदस्थापना के दौरान उनका विवाह हुआ था और यह बड़ा संजोग है कि आज बिलासपुर प्रेस क्लब पहुना बनकर पहुंचे हैं और आज उनकी 11वीं वैवाहिक वर्षगांठ थी।

### बिलासपुर से मिले प्यार से अभिभूत

कलेक्टर श्री शरण ने बताया कि बिलासपुर की अपनी विशेषताएं हैं। यहां हर किसी को बहुत प्यार और अपनापन मिलता है। रहने के लिहाज से बिलासपुर से बेहतर और कोई जगह नहीं, इसलिए वे रिटायरमेंट के बाद भी बिलासपुर में ही रहने की इच्छा रखते हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उनका सामना अक्सर पत्रकारों से होता है और कई पत्रकारों को वे व्यक्तिगत तौर पर भी जानते हैं, जिनके द्वारा अक्सर उन्हें जनहित में सुझाव और सलाह भी मिलते रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि बिलासपुर में उनकी तीसरी पद स्थापना पर भी यह सिलसिला बरकरार है।

### शहर की पहचान हो रही मजबूत

कलेक्टर अवनीश शरण ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि बिलासपुर की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान लगातार मजबूत हो रही है और बिलासपुर को अपनी उपलब्धियों के चलते एक के बाद एक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो रहे हैं। उनका मानना है कि पिछले कुछ सालों में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। बाईपास सड़कों से यातायात व्यवस्था मजबूत हुई है, लेकिन शहरी यातायात को बेहतर करने के लिए रिंग रोड की आवश्यकता पर उनका जोर है। उनका मानना है कि बिलासपुर तेजी से एजुकेशन हब भी बनता जा रहा है और यहां के विद्यार्थियों में भी पूरी क्षमता है, जिन्हें प्रशासनिक मदद की आवश्यकता है, जिसके बाद यहां से भी बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी बन सकते हैं । एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि बलरामपुर कलेक्टर रहने के दौरान उन्होंने अपनी बेटी का दाखिला एक सरकारी स्कूल में कराया था। बलरामपुर में कोई बेहतर निजी स्कूल था नहीं, सबसे अच्छा स्कूल सरकारी ही था, इसलिए उन्होंने अपनी बेटी का दाखिला सरकारी स्कूल में किया था। उनका निजी विचार है कि हर बच्चे को प्राथमिक शिक्षा किसी सरकारी स्कूल में ही लेना चाहिए जो उसके व्यक्तित्व में सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है।

### औसत दर्जे के विद्यार्थी रहे

अपने स्कूली जीवन की चर्चा करते हुए कलेक्टर अवनीश ने बताया कि वे प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर औसत से भी कम दर्जे के विद्यार्थी रहे हैं और किसी तरह केवल पास हो जाया करते थे, लेकिन 10वीं और 12वीं के बाद पढ़ाई के प्रति गंभीरता आई। उन्होंने बताया कि उनके पिता हिंदुस्तान दैनिक में बतौर पत्रकार 15 साल से अधिक वक्त तक सक्रिय रहे हैं और आज भी उनकी वही सक्रियता बरकरार है। कई किताब और थिसिस लिखने वाले उनके पिता आज भी देर रात तक जागकर लेखन कार्य करते हैं। हिंदी साहित्य में उनके दखल की वजह से अवनीश शरण की भी रुचि इसी विषय पर हुई और यूपीएससी में हिंदी साहित्य ही उनका विषय रहा। अपने विद्यार्थी जीवन के पन्ने खोलते हुए कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि स्नातक की पढ़ाई पूरी होते-होते प्रशासनिक अधिकारी बनने की रुचि जागने लगी थी । उन्होंने बताया कि सफलता के पूर्व उन्होंने कई बार स्टेट पीएससी की परीक्षा दी थी। उनका लक्ष्य यूपीएससी था। इसमे पहली बार ही वे इंटरव्यू तक पहुंच गए और दूसरी बार उन्हें ऑल इंडिया 77 रैंक हासिल हुआ।

13- JULY- BSP- PG-2 ZINDAGI_Layout 1 7/14/2024 12:45 AM Page 1

बिलासपुर, रविवार 14 जुलाई 2024

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

## पाठशाला

### बच्चों को मोबाइल से होने वाले फ्रॉड की दी गई जानकारी



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर राजकिशोरनगर और विभूति स्कूल में साइबर की पाठशाला आयोजित की गई। इसमें बीके गायत्री, बीके ईश्वरी, बीके भूषण, बीके प्रीतिमय चौधरी और बीके अमर भाई ने बच्चों को मोबाइल के जरिये होने वाले फ्राड के बारे में समझाया।

- **सशिमं राजकिशोर नगर में लगाई गई साइबर, यातायात की पाठशाला**

बीके ईश्वरी ने यातायात सुरक्षा की जानकारी दी। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य लक्ष्मीकांत मजूमदार ने ठगों द्वारा उनके बैंक एकाउंट में पैसा ट्रांसफर का मैसेज भेजकर फ्रॉड करने के प्रयास की जानकारी दी और बताया कि हमें सोचना चाहिए कि आखिर कोई क्यों हमें जबरदस्ती पैसा भेजेगा। बच्चों ने कार्यक्रम के बाद प्राप्त जानकारी पर अपने विचार रखे। जिससे यह पता चला कि छोटे बच्चे भी साइबर फ्रॉड को समझ रहे हैं और जागरूक हो रहे हैं।

#### संगठन में विश्वास का होना जरूरी : मंजू दीदी

शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर में पॉजिटिव थिंकिंग क्लास चल रही है। बीके मंजू दीदी ने कहा कि किसी परिवार या संगठन में यदि कोई सदस्य गलती करता है तो उसकी गलती को दिल से अपनी गलती समझना संगठन को मजबूत बनाना होता है, पर ऐसा तब होगा जब सभी का एक-दूसरे पर विश्वास होगा। इसमें समाने की शक्ति भी जरूरी है। इसके विपरीत यदि छोटी-छोटी बातों को लेकर एक-दूसरे के ऊपर कीचड़ उछालते रहे तो संगठन में बिखराव की स्थिति बनती है। इसका फायदा बाहरी तत्व लेते हैं।

## आयोजन

### वासवानी की पुण्यतिथि पर सत्संग, कीर्तन



**बिलासपुर।** साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर इकाई द्वारा महामाया विहार सिंधी कॉलोनी में दादा जेपी वासवानी की 6 वीं पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें नानक पंजवानी ने सत्संग कीर्तन का आयोजन किया।

- **गाए गए भक्तिमय भजन, की गई अरदास**

कार्यक्रम का शुभारंभ दादा साधु वासवानी, जेपी वासवानी की फोटो पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अंजनी नूरी ग्रंथ को भोग लगाया गया। सपना कलवानी चित्रा पंजवानी, कविता ने कई भजन गाए। दादा जेपी वासवानी के सत्संग को टीवी के माध्यम से साध संगत को दिखाया गया। डॉ अभिषेक कलवानी ने कहा कि शरीर से बड़ा कोई कीमती चीज नहीं है। यदि शरीर ठीक रहेगा तभी तो सत्संग, कीर्तन, सिमरन, भजन कर सकेंगे। घर का व शाकाहारी भोजन खाएं। इससे शरीर को आराम भी मिलेगा। फायदा भी होगा। आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन गुरु है। डॉ रमेश कलवानी ने दादा के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। अंत में अरदास कर प्रसाद वितरण किया गया। साध संगतों के लिए आम भंडारे का आयोजन किया गया।

**इनका रहा सहयोग :** कार्यक्रम को सफल बनाने में साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर इकाई के सदस्य नानक पंजवानी, चित्रा पंजवानी, डॉ रौनक कलवानी, पुष्पा, श्रुति, सरिता पंजवानी, डॉ एकता, डॉ अंकिता कलवानी, पुष्पा गवलानी, सुलोचना जोतवानी, माया सोडेजा इंदू जगवानी सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

## कार्यक्रम

### लायंस क्लब शक्ति के सदस्यों ने बताए स्वास्थ्य टिप्स




**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति क्लब द्वारा शासकीय शाला अमेरी में किशोरियों एवं महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को स्वास्थ्य का ध्यान रखने के संबंध में बताया गया। टिप्स भी दिए गए। अंत में क्लब द्वारा छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को बिस्किट व सेनेटरी नेपकिन्स बांटे गए।

- **छात्राओं, शिक्षिकाओं को बांटे बिस्किट व सेनेटरी नेपकिन्स**

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अनिता दीवान, सचिव रोशनी दीक्षित, कोषाध्यक्ष अरविन्द वर्मा, फिरोज सहित क्लब के अन्य सदस्य एवं स्कूल स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

### मौसी मां मंदिर में महाप्रभु के सम्मान में चल रहा कल्चरल प्रोग्राम

# ओडिशा के कलाकारों ने ओडिशी संबलपुरी डांस पेश कर बनाया माहौल

रेल्वे परिक्षेत्र स्थित श्री मौसी मां मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ के सम्मान में प्रतिदिन कल्चरल प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संस्कृति विभाग ओडिशा से जुड़े कलाकारों ने शनिवार को ओडिशी व संबलपुरी डांस पेश कर लोगों का मन मोह लिया। पारंपरिक वेश में ओडिशी गीतों की धुन के बीच पेश डांस के कलाकारों को दर्शकों की ओर से तालियां बजा कर प्रोत्साहित किया जाता रहा। राधा रानी ग्रुप की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी गई।



जगन्नाथ पूजा महोत्सव के मद्देनजर शहर की कलाकार मोना केंवट ने महाप्रभु जगन्नाथ की आकर्षक रंगोली बनाई है। यह रंगोली हुबहू भगवान जगन्नाथ जैसी दिख रही है।

**आज होगी भजन संध्या**

**बच्चे करेंगे कला प्रतिभा का प्रदर्शन**




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री जगन्नाथ पूजा सेवा समिति के सचिव ने बताया कि गुण्डिचा यात्रा के बाद से महाप्रभु महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौसी मां मंदिर में हैं। यहां उनके सम्मान में निरंतर कल्चरल प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत सत्संग, भक्तिमय हिंदी, उड़िया गीत-संगीत एवं नृत्य पेश किए जा रहे हैं।

इसी के तहत शुक्रवार व शनिवार को संस्कृति विभाग ओडिशा से जुड़े कलाकारों ने ओडिशी व संबलपुरी डांस की प्रस्तुति दी। राधा रानी ग्रुप की ओर से वाद्य यंत्रों के बीच पेश भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। रविवार 14 जुलाई को शाम 5 बजे से राधे-राधे ग्रुप द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। समाज के बच्चे भी अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर समिति के सदस्य एवं कला प्रेमी भारी संख्या में उपस्थित थे।

#### बहुड़ा यात्रा कल

सोमवार 15 जुलाई को महाप्रभु जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। इस दिन सुबह भगवान की विधि-विधान से पूजा कर मंगल आरती की जाएगी। फिर दोपहर में लकड़ी से तैयार सुदर्शन चक्र, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा व भगवान जगन्नाथ के विग्रह को रथ पर एक-एक कर श्रद्धालु भक्तों द्वारा बिठाया जाएगा। रथ में पूजा के बाद छेरापहरा की रस्म होगी। अतिथियों के बाद श्रद्धालु भक्त रस्सा खींचेंगे। फिर रथ मौसी मां मंदिर से निकलकर तोरवा, जगमल चौक, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, तारबाहर नाका, तितली चौक होते हुए पुनः श्री मंदिर पहुंच जाएंगे। रास्ते में महाप्रभु के सम्मान में प्रसाद का वितरण किया जाता रहेगा। जयकारे लगेंगे।

#### लक्ष्मी माता भगवान को नहीं आने देगी मंदिर

माना जाता है कि बहुड़ा यात्रा के बाद महाप्रभु के श्री मंदिर पहुंचने पर नाराज माता लक्ष्मी उन्हें मंदिर में घुसने नहीं देतीं हैं। काफी मान मनौव्वल के बाद भी मां लक्ष्मी नहीं मानती हैं। फिर उन्हें रसगुल्ला खिलाने पर भगवान को अंदर आने देतीं हैं। समिति के सदस्यों द्वारा इस बात को मंदिर के दरवाजे में दर्शाया जाता है, जो कि काफी आनंदमयी होती है।

#### आनंदित हैं भगवान जगन्नाथ

मौसी मां मंदिर में भगवान जगन्नाथ एकदम आनंदित हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि महाप्रभु जगन्नाथ की हर दिन विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु भक्त अपने घरों से भोग बनाकर भगवान को अर्पित कर रहे हैं। महाप्रभु के यहां रहते तक विविध तरह के पकवान उन्हें अर्पित किए जाते रहेंगे।



# बच्चों का शारीरिक के साथ बौद्धिक आध्यात्मिक विकास भी जरूरी

**बिलासपुर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार द्वारा मां की पाठशाला लगाई गई। इसमें गर्भावस्था के दौरान बच्चों के शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक विकास करने, गर्भ का ज्ञान-विज्ञान, आहार, डेली रूटिंग, योग, ध्यान के संबंध में जानकारी दी गई।

गर्भ संस्कार ट्रेनर पुष्पा वर्मा ने पाठशाला में ऑनलाइन जुड़कर बताया कि प्रेगनेंसी के दौरान बच्चों के ब्रेन का 80 प्रतिशत विकास हो जाता है, पर हम उस पर वर्क नहीं करते हैं। इस ओर ध्यान देना आवश्यक है। गर्भवती महिलाओं को शुरू के तीन महिने खाने की इच्छा नहीं होती है। इसे हम हार्मस चेंज होना मान लेते हैं, पर ऐसा नहीं है। इसके पिछे रीजन यह है कि बच्चे तीन माह बाद स्वाद की महक पहचानना एवं सुनना शुरू करता है। गर्भवती महिला के खाने के बाद बच्चा उसे एक्सेप्ट करता है। यदि बच्चे कोई चीज खाना पसंद नहीं करते हैं तो वही चीज मां को गर्भ के दौरान अच्छा नहीं लगता है। बच्चों के स्वाद का इफेक्ट मां पर पड़ता है। यदि मन खुश रहता है तो हैप्पी हार्मोन रिलीज होता है। ब्लड सरकुलेशन भी अच्छा होता है। ऐसे में बच्चों का बेहतर विकास होता है।



- **मां की पाठशाला में गर्भ संस्कार ट्रेनर पुष्पा वर्मा ने दी जानकारी**

#### विचारों, भावनाओं का पड़ता है प्रभाव

- ट्रेनर पुष्पा ने बताया कि मां के विचार, क्रियाकलाप एवं भावनाओं का बच्चों पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। मां के दुखी होने से पोषण की चीजें बच्चे तक ठीक से पहुंच नहीं पाती है। इससे गर्भ में पल रहे बच्चे का संपूर्ण विकास नहीं हो पाता है, इसलिए इस समय अच्छी सोच रखें। बाहर के लोगों की जिंदगी में ज्यादा ध्यान देने से बचे। भावनाएं भोजन से अंदर जाती है। हमेशा सकारात्मक बात करें। उन्होंने बताया कि गर्भ के दौरान बच्चों को जैसा बनाएंगे वैसा ही बन जाएंगे। हर गुरुवार को लगने वाले इस डेढ़ घंटे की क्लासेस में साधना, स्वाध्याय के बारे में भी बताया गया।

#### जागृत होता है आत्मविश्वास

ट्रेनर ने कहा कि मन में बच्चों के लिए भाव रखे कि तुम वीर हो, तुम सब जगह विजयी होते हो। तुम्हें कोई हरा नहीं सकता है। तुम बहादुर बच्चे हो। बड़े होकर महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, जैसे पुरुष बनोगे। इस प्रकार के भाव को पुनः दुहराने से बच्चे में आत्म विश्वास जागृत होता है। बच्चों को महान देशभक्त और शूरवीर महाराणा प्रताप के प्रसंग सुना कर शौर्य और धैर्यवान भी बनाया जा सकता है।

### अष्टमी पर देवी का किया गया विशेष पूजन, श्रृंगार

# नवरात्र उत्सव : त्रिदेव मंदिर में कल होगा कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सरकंडा में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव श्रद्धा से मनाया जा रहा है। नवमीं पर सोमवार को कमला देवी के रूप में कन्याओं का पूजन किया जाएगा।

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के आठवें दिन प्रातःकालीन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, श्रृंगार किया गया। श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया अभिषेक एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पूजन एवं श्रृंगार किया गया। प्रतिदिन रात्रि 8 से 12:30 बजे तक पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ मे श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी मंत्र द्वारा 21 हजार आहुतियां दी जा रही है। रात्रि 12:30 बजे महाआरती की जा रही है। सोमवार नवमीं को कमला देवी के रूप में कन्याओं का पूजन किया जाएगा। फिर कन्या भोजन कराया जाएगा।



#### बगलामुखी देवी की मंत्र होती है फलदायी

आचार्य डॉ दिनेश ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। संपूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वह इन्हीं की वजह से है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करने वाली देवी है। पीले फूल, फल, वस्त्र, नारियल चढाने से देवी प्रसन्न होतीं हैं। देवी की मूर्ति पर पीला वस्त्र चढाने से बड़ी से बड़ी बाधा भी नष्ट हो जाता है। दुखों का नाश करने के लिए बगलामुखी देवी के मंत्रों को फलदायी माना जाता है।

### मिलन मंदिर गोंड़पारा में चल रहा गौ कृपा महोत्सव व भागवत कथा

# भक्ति की नहीं होती कोई उम्रः रामानुजाचार्य

**कार्नर न्यूज**

**बिलासपुर।** भक्ति की कोई उम्र नहीं होती है। बालक ध्रुव ने भगवान को बहुत ही कम अवस्था में प्राप्त कर लिया था। भगवान के चौबीस अवतारों की कथा के साथ यहां 84 लाख योनियों के रूप में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है, तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संहार करते हैं।

ये बातें प्रसिद्ध कथा वाचक श्री मज्जगदगुरू रामानुजाचार्य उत्तर तोताद्रि मठ पीठाधीश्वर स्वामी अनंताचार्य महाराज अयोध्या ने मिलन मंदिर गोंड़पारा में चल रहे गौ कृपा महोत्सव एवं भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र व नरसिंह अवतार की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव द्वारा किया जाने वाला मंथन है। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों तो कभी बुरे विचारों का चिंतन, मंथन चलते रहता है। जिसके अंदर का दानव जीत गया, उसका जीवन दुःखी, परेशान और कष्ट कठिनाइयों से भरा होगा और जिसके अंदर के देवता जीत गया उसका जीवन सुखी, संतुष्ट और भगवत प्रेम से भरा हुआ होगा, इसलिए हमेशा अपने विचारों पर पैनी नजर रखते हुए बुरे विचारों को अच्छे विचारों से जीतते हुए अपने मानव जीवन को सुखमय एवं आनंदमय बनाना चाहिए। कथा के प्रारंभ में श्री भागवत भगवान का पूजन आचार्य राहुल उपाध्याय ने वैदिक मंत्रों का वाचन कर किया। आरती उतारी गई। महाराज श्री ने भागवत भजन द्वारा माहौल को भागवत मय एवं भक्तिमय बना दिया। कथा सुनने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।



**इन्होंने किया कथा श्रवण :** शनिवार को गौ सेवक नरेन्द्र यादव, विपुल शर्मा, गोपाल कृष्ण रामानुज दास, यशवंत शर्मा, शत्रुहन कृष्ण, विष्णु पुरोहित, शुभम शुक्ला, आदर्श शर्मा, शिवांश पांडेय, मुख्य यजमान पुष्पदंत शर्मा, विजय गुप्ता, अंचल, अक्षय, डा ललित माखीजा, नीरज, अमन पटेल, आशीष यादव, नंदाराम, विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में गौ सेवकों ने कथा का श्रवण किया।



**विधायक अमर ने सुनी कथा**

पुराना महाराष्ट्र भवन गोंड़पारा में वर्मा परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में शनिवार को कथावाचक पंकज भूषण मिश्रा ने अजामिल व हिरण्य कश्यप की कथा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विधायक अमर अग्रवाल, पार्षद विनोद सोनी, ज्ञान अवस्थी, पीडी श्रीवास्तव, प्रफुल रंजन, प्रताप रंजन, संजय, प्रशांत वर्मा सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने कथा सुनी।



**हवन, यज्ञ, पूर्णाहुति के साथ समापन**

साइंस कॉलेज मैदान में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा का शनिवार को हवन, यज्ञ, पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इसके पहले दिन श्री श्री 1008 श्री ब्रम्हानंद गिरी महाराज जूना अखाड़ा कथा व्यास अमर कृष्ण महाराज के सानिध्य में पौधरोपण किया गया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम की जागरूकता और प्रसार के लिए पौधारोपण के लिए सक्रिय कार्य करने वाले संस्थान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पौध रोपण करने वाले संस्थानों ने बताया कि वृक्षारोपण के साथ ही हम उन वृक्षों की बड़े होते तक संपूर्ण देखभाल भी करते हैं। हमारा प्रयास है कि बिलासपुर क्षेत्र को हरा भरा बनाएं। सम्मानित होने वालों में डीपी विप्र विधि महाविद्यालय, शासकीय साइंस कॉलेज, हरिहर ऑक्सीजोन, अरपा अर्पण अभियान आदि शामिल रहे।

13 JULY -BSP- pg-3_Layout 1 7/14/2024 12:54 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### 46 गाड़ियों में सामान्य श्रेणी के 92 कोच 22 दूसरी ट्रेनों के विस्तार की योजना

**बिलासपुर।** सामान्य श्रेणी के यात्रियों को सुविधा प्रदान करने रेलवे ने लंबी दूरी की 46 विभिन्न महत्वपूर्ण गाड़ियों में कोचों की संख्या में विस्तार करते हुए इन गाड़ियों में 92 नए कोच लगाए हैं, जो सामान्य श्रेणी के हैं। कोचों की संख्या में वृद्धि के लिए 22 दूसरी गाड़ियों को भी चिन्हित किया गया है और उनमें सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाने की योजना बनाई गई है। इससे सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी।

जिन गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला लिया गया है उनमें 15634/15633 गुवाहाटी बीकानेर एक्सप्रेस, 15631/15632 गुवाहाटी बाड़मेर एक्सप्रेस,15630/15629 सिलघाट टाउन ताम्बरम नागौन एक्सप्रेस, 15647/15648 गुवाहाटी लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, 15651/15652 गुवाहाटी जम्मू तवी एक्सप्रेस , 15653/15654 गुवाहाटी जम्मू तवी एक्सप्रेस, 15636/15635 गुवाहाटी ओखा एक्सप्रेस, 12510/12509 गुवाहाटी बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 15909/15910 डिब्रूगढ़ लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस, 20415/20416 वाराणसी इंदौर सुपर फास्ट एक्सप्रेस, 20413/20414 काशी महाकाल वाराणसी इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस , 13351/13352 धनबाद अलप्पुषा एक्सप्रेस, 14119/14120 काठगोदाम देहरादून एक्सप्रेस, 12976/12975 जयपुर मैसूर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 17421/17422 तिरुपति कोल्लम एक्सप्रेस, 12703/12704 हावड़ा सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस,12253/12254 बेंगलुरु भागलपुर एक्सप्रेस, 16527/16528 यशवंतपुर कन्नूर एक्सप्रेस, 16209/16210 अजमेर मैसूर एक्सप्रेस,12703/12704 हावड़ा सिकंदराबाद एक्सप्रेस,16236/16235 मैसूर तूतीकोरिन एक्सप्रेस,16507/16508 जोधपुर बेंगलुरु एक्सप्रेस, 20653/20654 केसर बेंगलुरु सिटी बेलगामी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 17311/17312 चेन्नई सेंट्रल हुबली सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12253/12254 बेंगलुरु भागलपुर अंग एक्सप्रेस,16559/16590 बैंगलोर सिटी सांगली रानी चेन्नम्मा एक्सप्रेस, 09817/09818 कोटा जंक्शन दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस,19813/19814 कोटा सिरसा एक्सप्रेस, 12972/12971 भावनगर बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 19217/19218 वेरावल जंक्शन मुंबई बांद्रा वेरावल जंक्शन सौराष्ट्र जनता एक्सप्रेस, 22956/22955 मुंबई बांद्रा- भुज कच्छ सुपरफास्ट एक्सप्रेस,20908/20907 भुज दादर सायाजी नगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 11301/11302 मुंबई बेंगलुरु उदयन एक्सप्रेस, 12111/12112 मुंबई अमरावती सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12139/12140 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल नागपुर सेवाग्राम एक्सप्रेस गाड़ियां शामिल हैं।

### खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 के क्रियान्वयन के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। योजना में धान सिंचित, धान असिंचित, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर /तुअर, रागी एवं सोयाबीन फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा आवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। उप संचालक कृषि पीडी हथेस्वर ने किसानों से अनुरोध किया है कि वो अपना आधार कार्ड खरीफ वर्ष के लिए 31 जुलाई से पूर्व बैंक में अपडेट करा लें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणिकरण के बीमा मान्य नहीं होगा। अऋणी किसान को निम्न दस्तावेज देने होंगे। फसल लगाने वाले सभी अऋणी किसानों को प्रस्ताव पत्र के साथ नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम भूमि प्रमाण-पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट , आईएफएससी कोड, बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने का आशय का स्वघोषणा पत्र, कास्तकार का घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

### शराब दुकानों के सिक्यूरिटी गार्ड वेतन संबंधी समस्या लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग अंतर्गत शासकीय मदिरा दुकानों में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मेनपावर उपलब्ध कराया जाता है। इसके अंतर्गत ईगल हंटर साल्यूशन कंपनी के सिक्यूरिटी गार्डस अपनी वेतन संबंधी समस्या लेकर शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इन सिक्यूरिटी गार्डस के अनुसार उन्हें समय पर और पूरा वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। आबकारी विभाग द्वारा संचालित शासकीय मदिरा दुकानों में सिक्यूरिटी गार्ड का काम करने वाले इन कर्मचारियों का कहना है कि वे सब ईगल हंटर साल्यूशन अंतर्गत काम करते हैं। मदिरा दुकानों में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कापार्रेशन लिमिटेड सीएसएमसीएल द्वारा संचालित मदिरा दुकान में मैनपावर एवं सिक्यूरिटी गार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। सीएसएमसीएल द्वारा हमारा मासिक वेतन और ओव्हरटाईम अवकाश मिलाकर 22 हजार 800 रुपए है, किन्तु उन्हें उनकी कंपनी द्वारा 10 हजार 700 रुपए ही प्राप्त हो रहा है। कंपनी द्वारा हमसे काम के लिए 6 हजार रुपए सभी गार्डों से लिया गया तथा अप्रैल से पीएफ की राशि भी नहीं कट रहा है। इन सिक्यूरिटी गाड्र्स का कहना है कि उनकी ड्यूटी सीएसएमसीएल से 8 घंटे की है, लेकिन ईगल हंटर कंपनी द्वारा उनसे 12 घंटे ड्यूटी लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएसएमसीएल द्वारा निर्देश जारी किया गया था और प्रत्येक माह के 3 तारीख तक सभी कर्मचारियों के उपस्थिति पत्रक जिलों के महाप्रबंधक, उपमहाप्रबंधक, जिला प्रबंधक को भेजने तथा प्रत्येक माह के 5 तारीख तक जिलों को प्रदाय की गई उपस्थिति पत्रकों का सत्यापन कर भेजने कहा गया है। इसके पश्चात प्रत्येक माह के 10 तारीख तक भुगतान करना है।




## चीफ जस्टिस सिन्हा ने नेशनल लोक अदालत की कार्यवाही का किया निरीक्षण

# सीजे ने 23 जिले की लोक अदालत को वर्चुअली देखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने वर्चुअल मोड के माध्यम से जुड़कर लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया और सभी जिलों के प्रधान न्यायाधीशों, खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारियों से जुड़कर नेशनल लोक अदालत के प्रगति के संबंध में चर्चा की, साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए मार्गदर्शन देते हुए प्रोत्साहित किया। चीफ जस्टिस श्री सिन्हा के पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में पहली बार उच्च न्यायालय के सभी न्यायामूर्तिगणों द्वारा अपने पोर्टफोलियों के जिलों में भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत के कार्यवाहियों का जायजा लेते हुए लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत कराया गया। प्रदेश के हाईकोर्ट से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ साथ राजस्व न्यायालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में 7 लाख 73 हजार से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा 64 हजार 500 से अधिक लंबित मामलों का निराकरण करते हुए लगभग 1 अरब 99 कारोड़ रूपए का अवार्ड परित किया गया।

### पति-पत्नी एक साथ रहने हुए राजी

लोक अदालत के वर्चुअल निरीक्षण के दौरान सीजे रमेश सिन्हा के समक्ष जिला न्यायालय रायगढ़ के एक प्रकरण में जहां एक उम्रदराज पति-पत्नी घरेलू विवाद के चलते सालों से अलग-अलग रह रहे थे, जिनका प्रकरण लोक अदालत में आया। जहां उनका समझौता कराया गया। जिसके बाद वो दोनों एक साथ रहने के लिए तैयार हुए। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने पक्षकारों के प्रयासों की सराहना की और दम्पत्ति को भविष्य के खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## कुटुम्ब न्यायालय बेमेतरा में सात परिवार हुए एक

नेशनल लोक अदालत शनिवार को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गयी, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित बेमेतरा कुटुम्ब न्यायालय में कुल 22 प्रकरणों का निपटारा हुआ, जिनमें से पांच मामले में दंपतियों को एक साथ सुलह-समझौता कर भेजा गया। इन पांचों प्रकरणों में दंपतियों के मध्य लम्बे समय से विवाद चल रहा था, जिसके बाद सभी अलग-अलग रह रहे थे। उन्हें समाजिक स्तर पर भी समझाइश दी गई थी, किन्तु कोई परिणाम नहीं निकला। शनिवार को नेशनल लोक अदालत के दौरान बेमेतरा कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल के समक्ष इन प्रकरणों को रखा गया, जिसमें एक प्रकरण में तो आवेदिका महिला गर्भवती थी। एक अन्य मामले में एक पुत्री ने अपने पिता के विरुद्ध भरण-पोषण का मामला पेश किया था तथा एक मामले में एक विकलांग पिता अपने पुत्रों के विरुद्ध भरण-पोषण का मामला पेश किया था। सभी मामलों में दोनों पक्षों को परिवार की महत्ता समझाते हुए उन्हें एक-दूसरे का सहारा बनने का बोध कराते हुए पक्षकरों के बीच राजीनामा कराया गया।

■ न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल ने विवाह के बाद पति-पत्नी के दायित्व को समझाया



### दम्पतियों को पौधा किया भेंट

लोक अदालत के दौरान न्यायाल में लबित प्रकरणों पर भी सुनवाई हुई। इस दौरान न्यायाधीश नीलिमा बघेल ने पक्षकारों को आपसी समझौता करने का अवसर देते हुए लोक अदालत के महत्व को समझाते हुए प्रकरणों के निराकरण करने का प्रयास किया। समझौता कर एक साथ जीवन यापन का वचन देने वाले सभी दंपतियों को न्यायाधीश श्रीमती बघेल ने एक नारियल व तुलसी का पौधा भेट किया। इस दौरान परिवार न्यायालय के अधिवक्ता लालबहादुर शर्मा, पी. राजेश्वरी के साथ परिवार न्यायालय के समस्त स्टाफ भी इस सुखद पल के साक्षी बने।



### विवाह के महत्वों को समझाया

सभी प्रकरणों में न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल ने विशेष प्रयास करते हुए उन्हें समझाइस गई तथा पांचों दंपतियों के मध्य लड़ाई-झगड़े, विवाद को समाप्त कर सभी को विवाह के बाद पति-पत्नी का दायित्व एवं सात वचन के महत्व को समझाते हुए सप्तपदी के सात वचन की प्रतिलिपि भेंट की गई तथा पति-पत्नी द्वारा एक-दूसरे को माला पहनवाकर , मिठाई खिलाकर अच्छा जीवन जीने की शुभकामनाएं देकर विदा किया गया।

### बकाया बिजली बिल का मामला पहुंचा

शनिवार को सुनवाई के दौरान सिटी सर्किल से 4 हजार केस भेजे गए थे, 8 करोड़ों वसूली किया जाना था, लेकिन 690 उपभोक्ताओं से 1 करोड़ 70 लाख रूपए की वसूली हो चुकी है। विद्युत चोरी के सेटेलमेंट में 11 केस निबटे है जबकि 205 केस लंबित है। वहीं ग्रामीण उपभोक्ताओं से 24 प्रकरणों में 9 लाख की वसूली हो चुकी है। करीब 445 केस लगाए गए थे।

### मोहल्ले में पहुंची अदालत

लोगों को त्वरित न्याय मिले सके इसलिए अदालत अब कोर्ट रूम से बाहर भी निकल गई है। शनिवार को नेशनल लोक अदालत के दौरान वार्ड क्रमांक 58 खमतराई, अशोक नगर में मोहल्ला लोक अदालत आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश नीता यादव के मार्गदर्शन में न्यायालय स्थायी लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी प्रिसिल्ला पॉल होरो ने 704 प्रकरणों को सुनकर तत्काल वहीं सभी मामलों का निराकरण किया। उक्त मोहल्ला लोक अदालत की कार्यवाही के दौरान स्थाई लोक अदालत की सदस्य शालिनी मिरी, श्वेता शास्त्री सहित पक्षकार और वार्ड के नागरिक मौजूद रहे।

**95 खण्डपीठ में 70247 प्रकरण निपटे:** नेशनल लोक अदालत में जिला बिलासपुर और जीपीएम के कुल 70247 प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति के आधार पर किया गया।

## अनुभवजन्य शिक्षा से होगा कौशल विकास



**बिलासपुर।** गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल और जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) के कुलपति प्रो. पीके बाजपेयी ने दोनों संस्थानों के बीच 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में हुए समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान किया।

■ सीयू और जय प्रकाश विवि छपरा के बीच समझौता

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि मानव संसाधन की क्षमता विकास पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। हमें युवाओं को सकारात्मक भाव रखने तथा सृजनात्मकता के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि कौशल तथा उद्यमिता विकास के माध्यम से हम छत्तीसगढ़ तथा बिहार की बहुमूल्य सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंच पर प्रदर्शित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुभवजन्य शिक्षा से कौशल विकास होगा।

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए शोध, अनुसंधान तथा शैक्षिक विकास कार्यक्रम के द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।

जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) के कुलपति प्रो. पीके बाजपेयी ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों को अकादमिक रूप से और अधिक समीप लाने में कारगर सिद्ध होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सभी के लिए समानता, अभिगम, लचीलापन, शोध व अनुसंधान के लिए अवसर है। उन्होंने कहा कि दोनों संस्थान इस एमओयू को सक्रियता के साथ लागू करेंगे जिससे युवाओं को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

इस एमओयू के तहत अकदामिक, शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में दोनों संस्थानों द्वारा किए जा रहे नवीनतम कार्यक्रमों एवं प्रयासों को साझा किया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत दोनों संस्थानों के शोधार्थी एवं शिक्षक शोध एवं अन्य अकादमिक गतिविधियों हेतु एक-दूसरे के संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण कर सकेंगे। दोनों संस्थान साथ मिलकर विभिन्न विषयों पर संगोष्ठियां, अल्पकालिक कार्यक्रम, कार्यशालाएं एवं सिम्पोजियम का आयोजन करेंगे। इस एमओयू के माध्यम से गुरु घासीदास विश्वविद्यालय तथा जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा बिहार आवश्यकतानुरूप प्रशासकीय प्रबंध के श्रेष्ठ मानकों को साझा करेंगे। प्रो. केएन सिंह ने संचलान एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. एएस रणदिवे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## एजुकेशन प्लस

### चौकसे कॉलेज में बी.कॉम, बीएस.सी का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय से संबृद्ध एवं यूजीसी 2(f)से मान्यता प्राप्त चौकसे कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज का इस वर्ष भी सभी संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ शानदार सफलता अर्जित की। इसी कड़ी में बीएससी प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम जारी हुआ, जिसमें बी.एस.सी (बायोटेक्नोलॉजी) प्रथम वर्ष में मीनल तिवारी 75.5% के साथ पहला स्थान, रोशनी पात्रे 74.83% लाकर द्वितीय स्थान एवं नेहा साहू ने 74.5 % लाकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं बी.एस.सी (बायोलॉजी) प्रथम वर्ष में पायल हयात 73.16% प्रथम स्थान, अंजलि सोनवानी 70.66% के साथ द्वितीय स्थान एवं नंदिनी चौहान 70.5% लाकर तीसरे स्थान पर रहीं।

इसी प्रकार बीकॉम प्रथम वर्ष में दिशा यादव 75% के साथ प्रथम स्थान, भूमि रोहरा 74.33% द्वितीय स्थान और मोहम्मद वारिस 66.83% तृतीय स्थान पर रहे। बीकॉम द्वितीय वर्ष में आदित्य दुबे ने 71.33% के साथ प्रथम स्थान, नंदिनी कौशिक ने 69.83% के प्राप्त कर द्वितीय स्थान, गजल मारू ने 68.66% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विदित है कि महाविद्यालय में विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों मे प्रवेश चल रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई तक है। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, अनुभवी शिक्षको एवं सभी बुनियादी सुविधाओं के कारण छात्रों का महाविद्यालय में प्रवेश के लिए रुझान बना हुआ है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल, प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा एवं रजिस्ट्रार ने विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नाइसटेक ईदगाह चौक में पहली बार एआई की क्लास शुरू

**बिलासपुर।** ईदगाह चौक स्थित नाइसटेक कंप्यूटर एजुकेशन ने शहर में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की क्लास शुरू करने की घोषणा की है। यह कदम छात्रों के करियर निर्माण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हो सकता है। इस कोर्स को शुरू करने से पहले ही 2 दिन का सेमिनार आयोजित किया गया था, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में चर्चा की गई। इस कोर्स को करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट एनआईईएलआईटी से प्राप्त होगा। इस कोर्स का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के प्रति जागरूक करना है, ताकि भविष्य के चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। आप एक छात्र हैं या फिर नौकरी करने वाले व्यक्ति, दोनों के लिए यह एक सुनहरा अवसर हो सकता है।

### सेंट जेवियर हाई स्कूल की छात्रा हर्षिता ने जीता नेशनल अवार्ड



**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल व्यापार विहार की कक्षा आठवीं की छात्रा हर्षिता नोपानी ने राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल और राज्य का नाम रोशन किया। ये प्रतियोगिता फेवी क्रिएट आइडिया लैब द्वारा 2023जी 24 मुंबई में आयोजित की गई थी। देश भर से 1,30000 छात्र छात्राएं इसमें सम्मिलित हुए, जिनमें से 16 बच्चे फाइनल के लिए चयनित हुए, उनमें से छत्तीसगढ़ के दो छात्रों में से बिलासपुर की हर्षिता नोपानी को 1लाख रुपए देकर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बीबी मेहता निदेशक लेखा, उपप्राचार्य रंजना बहादुर एवं एचएमए ललिता ने बधाई दी।

## सिम्स में डायरिया पीड़ितों से मिले पूर्व विधायक शैलेष

**बिलासपुर।** सिम्स में भर्ती डायरिया के मरीज़ों और उनके परिजन से मुलाकात करने शनिवार को पूर्व विधायक शैलेष पांडेय सहित कांग्रेस जनप्रतिनिधि पहुंचे। उन्होंने डॉक्टर्स से पीड़ितों के सेहत की जानकारी ली।

उन्होंने कहाक कि ज़िले में डायरिया दूषित पानी से फैला है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि मरीजों की सही जांच करें और पीड़ित परिवारों को सहायता दें। ग्राम जाली में डायरिया से एक युवक की मृत्यु हो गई थी। श्री पांडेय शोकसंतप्त परिवार से मिलने गए और शोक संवेदना व्यक्त की।



**महंगाई लगातार बढ़ रही:** लोकसभा चुनाव ख़त्म हुआ है और महंगाई जून माह में 9% बढ़ गई है, जिसमें दलहन 17% और सबज़ियाँ 29% बढ़ी है। देश की व्यवस्था एसी हो गई है कि महंगाई कम होने का नाम ही नहीं ले रही है क्योंकि मुनाफ़ाखोरी और कालाबाज़ारी को बीजेपी सरकार संरक्षण दे रही है। देश के ग़रीब लोग और मध्यम वर्गीय परिवार के लिए सरकार का ध्यान नहीं है, क्योंकि चुनाव वास्तविक मुद्दों पर न होकर भ्रम फैलाने वालों मुद्दों पर हो रहे हैं। डीज़ल,पेट्रोल और रसोई गैस सब कुछ वर्षों से महँगा है लेकिन सरकार को कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता है।

## सफाई कर्मियों को 10 तारीख तक देना ही होगा वेतन, छुट्टी के दिन काम करने पर दोगुना पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष एम वेंकटेशन (केन्द्रीय राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त) ने शनिवार को बैठक लेकर सफाई कर्मियों की सुरक्षा और समस्याओं के संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से उनकी समस्याएं विस्तार से जानी। बैठक में कलेक्टर अवनीश शरण, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना सहित विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद थे।




प्रार्थना सभा भवन में आयोजित बैठक में आयोग के अध्यक्ष वेंकटेशन ने एजेंसियों को निर्देश दिए की सफाई कर्मचारियों का वेतन हर हाल में 10 तारीख तक देना ही है।

राष्ट्रीय अवकाश दिवस में कर्मचारी यदि काम करते हैं तो उन्हें दोगुना वेतन भी दिया जाना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की सफाई कर्मचारियों को एजेंसियों द्वारा एग्रीमेन्ट के तहत सभी सुविधाएं प्रदान की जानी है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से वेतन, यूनिफॉर्म, पीएफ, बीमा आदि की जानकारी ली।

उन्होंने वेतन भुगतान की तिथि भी सफाई कर्मचारियों से जानी। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की नियमित बैठक आयोजित की जाए। इस समिति के संबंध में कर्मचारियों को जानकारी भी दी जाए।

**पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन के पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन सूचना 2024-25**

**कार्यालय संचालक, छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल स्वास्थ्य एवं प्रबंधन संस्थान**

छत्तीसगढ़ के विभिन्न चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारीयों की पूर्ति हेतु संस्थान 1, 2 एवं 3 वर्षीय विश्वविद्यालयिन पाठ्यक्रम [NSQF अधीन UGC धारा 22(3) भारत सरकार अंतर्गत] में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो के केन्द्रों में कुल सीटों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है। **Diploma, Advance Diploma, Bachelor Degree & Master Degree B.Voc/ M.Voc** by LU UGC Approved under section 22 (3) of UGC **Govt. of India.**

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| केन्द्र का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन [MLT/BMLT] | एक्स रे टेक्नीशियन [X-RAY] | ओ.टी. टेक्नीशियन [O.T.] | आप्टोमेट्री टेक्नीशियन [OPTOMETRY] | डायलिसिस टेक्नीशियन [DIALYSIS] | फिजियोथेरेपी टेक्नीशियन [PHYSIOTHERAPY] | हॉस्पिटल प्रबंधक | B.BA/ BCA/DCA PGDCA |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 30+30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 25 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| जगदलपुर | 30+30 सीट | 45 सीट | 45 सीट | 45 सीट | 45 सीट | 45 सीट | 45 सीट | 30 सीट |
| M.Voc | 10 सीट | 10 सीट | | 10 सीट | | | 10 सीट | |

**चयन प्रक्रिया:-** 1. आवेदन हेतु पात्रता कक्षा 12वीं उत्तीर्ण साथ ही महिला एवं पुरुष जिनकी आयु 17 वर्ष हो, आवेदन हेतु 12 वीं में न्यूनतम प्रतिशत अ.ज. जाति हेतु 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़े वर्ग 50% एवं सामान्य वर्ग हेतु 50% हो। 2. दिव्यांगजन हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित एवं मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों को सीधे प्रवेश। 3. आवेदक निम्न दिए गए प्रारूप को टाइप कर स्वयं स्पष्ट रूप से भरे साथ ही 30 रूपये का डाक टिकट चिपकाकर 10x4 का सफ़ेद लिफाफे में अपने स्वयं का पूरा पता पिनकोड सहित आवेदन पत्र के साथ निर्धारित तिथि तक कार्यालय के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री द्वारा भेजे। **अंतिम तिथी के पश्चात आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 25/07/2024**

**नोट:** मेरिट लिस्ट के अनुसार चयनित उम्मीदवार को कॉल लैटर, ई-मेल, वाट्सएप्प एवं मोबाइल मैसेज द्वारा सूचित कर दिया जाएगा जिसमे काउंसिलिंग में उपस्थिति अनिवार्य है।

**कार्यालय का पूरा पता-**
(1) राज्य मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल स्वास्थ्य एवं प्रबंधन संस्थान, प्रथम तल, D-41, ZONE-1, व्यापार विहार, **बिलासपुर छ.ग.** 495001
(2) वी चेम्बर, डॉ. मोहन राव गली, कुम्हारपारा, पोल फैक्ट्री के पास, **जगदलपुर छ.ग.** 494001

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,
संचालक
छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल स्वास्थ्य एवं प्रबंधन संस्थान,
बिलासपुर [ ] जगदलपुर [ ] छ.ग.

PHOTO

महोदय,
....................पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रहीं हूँ। आवेदक का नाम ..............................पिता /पति........................जन्म तिथि:....................वर्ग: अनु ज.जाति............अनु जाति...............अन्य पि. वर्ग.........सामान्य................ पत्र व्यवहार का पता...........पिन कोड............मो. न..................... व्हाट्सएप नं..................... पालक का मो. न..................कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग............में प्राप्त अंक.............कुल प्रतिशत.........मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं (1)..............दूरभाष नं (2)............... पालक का दूरभाष नं............. हस्ताक्षर.......................पालक का हस्ताक्षर...................



# नए पोस्टर में कर्ण के रूप में नजर आए प्रभास...

**मुंबई।** इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर बेहद शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को मिली इस ऐतिहासिक सफलता के बाद, निर्माताओं ने सभी फैंस और सिनेप्रेमियों को धन्यवाद देते हुए एक खास पोस्ट साझा किया है। टीम की तरफ से प्रभास का कर्ण के रूप में एक विशेष पोस्टर साझा किया है। 1000 करोड़ रुपए कमाने वाली यह सातवीं भारतीय फिल्म है। इस शानदार सफलता के बाद पोस्टर साझा करते हुए टीम ने लिखा, '1000 करोड़ पूरे और गिनती जारी है। यह मील का पत्थर आपके प्यार का जश्न है। हमने दिल लगा के फिल्म को बनाया।

लाइफ Style

# कैटरीना ने बनाया बेहतर इंसान



विकी कौशल का मानना है कि कैटरीना जैसी बीवी पाकर उनकी किस्मत खुल गई। उन्होंने मजाक में बताया कि उनकी वाइफ कपड़े रखने के लिए काफी स्पेस लेती हैं और उन्हें कम जगह मिलती है। विकी कौशल अपनी वाइफ कटरीना कैफ के फैन हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह बात उनके कई इंटरव्यूज से जाहिर हो चुकी है। कैटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं। मुझे लगता है कि मैं उनकी वजह से बेहतर इंसान बन गया। बातचीत में विकी ने बताया, मेरे घर में हर कोई एक-एक करके अपने कलेशी मोमेंट का इंतजार करता है। ये जिम्मा किसी एक का नहीं है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ सनी या कटरीना या मॉम या डैड या मैं। कोई परमानेंट कलेशी नहीं है। हर किसी का दिन आता है और उस दिन बाकी उसी मोड में आ जाते हैं। विकी ने बताया कि जब वह भूखे हों या सोए ना हों तब ही कलेश करते हैं। जब मुझे वॉरड्रोब मिलेगा तब तो कलेश होगा। विकी ने बताया कि कटरीना के पास पूरा वॉरड्रोब है और उनके पास कपड़े रखने के लिए सिर्फ ड्रॉर। ऐसे में वॉरड्रोब पर लड़ने का सवाल ही नहीं है। विकी से पूछा गया कि बुरे वक्त में दोनों कैसे एक-दूसरे का साथ देते हैं। इस पर विकी बोले, हम एक-दूसरे का हाथ पकड़कर जो कहना है कहते रहते हैं। जो भी हो हम साथ हैं। इस उतार-चढ़ाव में हम एक-दूसरे के साथ हैं। कटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं।

हॉलीवुड मसाला



# 'डी 23 फैन...' का हुआ ऐलान

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी ने 2024 के लिए अपनी डी 23 फैन इवेंट की पूरी योजना की जानकारी दे दी है। इससे पहले कंपनी ने सीईएस पर इस साल घोषणा की थी कि वह इस बार अपने फैन कन्वेंशन के साथ नए क्षेत्रों में कदम बढ़ाएगी, पहली बार इसे डिज्नी+ पर स्ट्रीम करेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करेगी। शुक्रवार, 9 अगस्त को शाम 7 बजे डिज्नी एंटरटेनमेंट शोकेस में सितारों की महफिल सजेगी, जिसमें प्रशंसकों को आने वाली फिल्मों, सीरीज और शो की विशेष झलक दिखाई जाएगी।



# अदालत में रो पड़े एलेक बाल्डविन

**लॉस एंजिलिस।** न्यू मैक्सिको के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को एलेक बाल्डविन के खिलाफ अनैच्छिक हत्या के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यू मैक्सिको के सांता फे में मुकदमे की अध्यक्षता कर रहीं न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने कहा कि सिनेमैटोग्राफर हैलिना हचिन्स की मौत से संबंधित संभावित गोलियां, जो बाल्डविन के मामले के लिए कारगर हो सकती थीं, पुलिस और अभियोजकों द्वारा उनके वकीलों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। न्यू मैक्सिको में बाल्डविन का मुकदमा शुरू होने के तीन दिन बाद न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने शुक्रवार को बचाव पक्ष के अनुरोध पर साक्ष्य सुनने के बाद फैसला सुनाया। एलेक बाल्डविन फैसला सुनने के बाद रो पड़े और उन्होंने अपनी पत्नी हिलारिया बाल्डविन को गले लगाया, जो इस सप्ताह की सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद थीं।



# ऐश्वर्या ने झेला रिजेक्शन सुनाई आपबीती

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस ऐश्वर्या राजेश ने लोगों के मिले ताने और करियर रिजेक्शन पर खुलासा किया। ऐश्वर्या ने कहा कि शुरुआत में उनसे कहा गया कि वह हीरोइन बनने के लिए बहुत सिंपल है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि वह स्टार की तरह पेश नहीं आती और समय बर्बाद कर रही हैं। ऐश्वर्या राजेश ने कहा, 'जब मैंने एक्टिंग करना शुरू किया तो कुछ लोगों ने मुझसे कहा कि मैं हीरोइन नहीं बन सकती, क्योंकि मैं बहुत सिंपल हूं। शुरुआत में मुझे बहुत सारे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, लेकिन मैं आगे बढ़ती रही और हिम्मत बनाए रखी।' कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं ऐश्वर्या राजेश आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उनकी गिनती साउथ की पॉपुलर और टॉप एक्ट्रेसेस में होती है। ल



# 'काकुड़ा' से मुकाबला करते दिखे रितेश

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने आदित्य सरपोतदार की फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकुड़ा'ऐलान के बाद से ही सुर्खियों में छाई हुई है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया। वहीं, अब फैंस की उत्सुकता को और बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता रितेश देशमुख का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। इस तीखे और डरावने मुकाबले में यह देखना बाकी है कि आखिर में कौन जीतेगा।

टीवी मसाला



# 'तारक मेहता का...' में वापसी कर रहा है ये मेन कैरेक्टर?

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते करीब 16 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। ये एक ऐसा शो है जिसे हर उम्र के लोग देखना पसंद करते हैं। इस शो की कहानी ही नहीं, बल्कि इसके किरदार भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहते हैं। इस शो में अब तक कई कलाकार आए और गए, लेकिन जाने के बाद के भी वो फैंस के बीच चर्चा में रहते हैं। बीते कुछ सालों में कई मेन कलाकारों ने शो को अलविदा कहा। वहीं, ये शो कई विवादों में भी घिरा रहा है। इस बीच अब शो के एक लीड कलाकार की वापसी की खबर सामने आ रही है। इस एक्टर का नाम सुनकर आप भी खुशी से झूम उठेंगे। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाकर घर-घर में फेमस हुए गुरुचरण सिंह एक बार फिर से शो में वापसी कर सकते हैं। गुरुचरण का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो शो में वापसी को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। गुरुचरण से जब पूछा गया कि क्या उन्हें फिर से तारक मेहता में देखने को मिलेगा।


## 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए अरमान मलिक ने हथियाया था ये हथकंडा

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' को लेकर दर्शकों के बीच एक्सीडेंट काफी बढ़ता जा रहा है। शो में इस बार पत्रकार से लेकर यूट्यूबर, रैपर, टीवी और बॉलीवुड तक के स्टार्स ने एंट्री ली है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में दो बीवियों वाले अरमान मलिक हैं। अब बिग बॉस 17 के एक्स कंटेस्टेंट तहलका प्रैंक उर्फ सनी आर्या ने उनका असली चेहरा दिखाया है। सनी ने वीडियो शेयर कर दिखाया कि शो में आने के लिए अरमान किस हद तक जा सकते हैं। तहलका, अरमान का वीडियो बना रहे होते हैं, तभी वो उनसे कैमरा छीनने की कोशिश करते हैं। इस पर सनी, अरमान से कहते हैं कि ये हरकत मत कर पहले बोल रहा हूं। लोगों ने कहा कि तू नाटक कर रहा है। बिग बॉस में जाने के लिए इस तरह के हथकंडे हथियाते हो। इस पर अरमान कहते हैं कि मुझे कोई शौक नहीं है बिग बॉस में जाने का छत्तीस मैसेज आ रखें हैं।



# 'द कार्दशियन' में दिखेगी अनंत-राधिका की शादी की झलक?

**मुंबई।** किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का हिस्सा बनने के लिए बीते दिन 11 जुलाई को मुंबई पहुंचीं। वेन्यू पर दोनों का भव्य स्वागत हुआ। साथ ही किम और क्लो ने पैपराजी के कैमरों के लिए भी ढेरों पोज दिए। वहीं, अब कार्दशियन बहनों को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो स्टार बहनें अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए इस वेडिंग को फिल्माने वाली हैं। कथित तौर पर किम और क्लो अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी को कैप्चर करेंगी। जानकारी तो यह भी है कि बहनें यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ग्लैम टीम लेकर आई हैं कि वे अपनी पूरी यात्रा के दौरान सर्वश्रेष्ठ दिखें। अपने हेयर स्टाइलिस्ट क्रिस एपलटन, मेकअप कलाकार और फिल्म निर्माता के साथ, किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन अपने शो के संभावित छठे सीजन के मुख्य आकर्षण के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भारत आने से लेकर भारत में रुकने तक की अपनी यात्रा को फिल्माएंगी।



# 'कई पुराने परिचितों के लिए प्यार महसूस हुआ' अनंत-राधिका की शादी के बाद यादों में खोए बिग बी


**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल होने का अपना अनुभव साझा किया। अभिनेता अपने परिवार, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के साथ इस भव्य समारोह में शामिल हुए। शादी में शामिल होने के बाद बिग बी ने देर रात अपने ब्लॉग पर इस कार्यक्रम के बारे में अपने विचार साझा किए। अपने ब्लॉग में अभिनेता ने अपने अनुभव को साझा करने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है। एक शानदार शादी से वापस आकर मैं लंबे समय के बाद इतने सारे पुराने परिचितों के साथ प्यार और स्नेह की समृद्धि महसूस कर रहा हूं। अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'ऐसा लग रहा था कि उनकी शारीरिक बनावट बदल गई है, लेकिन वे अपने रिश्ते और साथ में बिताए गए समय के प्रति बेहद ईमानदार हैं। यही तो जीवन है, रिश्ता, प्यार और देखभाल।' अमिताभ बच्चन ने आगे अपनी पुराने रिश्तों को भी याद किया और लोगों के जीवन में उसके महत्व को भी समझाया। उन्होंने आगे लिखा, 'यह अजीब है कि कैसे छोटी-छोटी चीजें जो एक-दूसरे के लिए मायने रखती हैं, बनी रहती हैं, लेकिन जिनके साथ गहरा संबंध था या जिन्होंने सार्थक समय बिताया था, वे खो जाते हैं और भुला दिए जाते हैं... वास्तव में भुलाए नहीं जाते हैं, लेकिन पीछे रख दिए जाते हैं और केवल तभी याद किए जाते हैं या सामने लाए जाते हैं, जब संबंध का आवश्यक अर्थ होता है।'



*'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है।*

# जब इस फिल्म ने बुलंद कर दिया था धर्मेंद्र का सितारा, बना दिया था सुपरस्टार

**नई दिल्ली।** धर्मेंद्र का नाम बॉलीवुड के उन एक्टर्स में शुमार रहा है, जो उम्दा एक्टर होने के साथ साथ गजब की फैन फॉलोइंग भी रखते थे। करियर की पीक पर रहते हुए उन्होंने एक से बढ़ एक फिल्में दी हैं, जिसमें एक्शन से लेकर रोमांस और कॉमेडी जोनर तक की फिल्में शामिल हैं। वैसे तो धर्मेंद्र का करियर पचास और साठ के दरम्यानी दौर में शुरू हो गया था, लेकिन उनकी सबसे ज्यादा हिट फिल्मे रहीं लेट सिक्सिटीज फिर सत्तर के दशक की। यही वो समय था जब उनकी एक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल दिखाया कि करीब पचास हफ्ते तक वो फिल्म थिएटर से उतरी ही नहीं। इस फिल्म को प्यार न सिर्फ भारत में मिला, बल्कि दुनियाभर में भी ये फिल्म छाई रही।



## धर्मेंद्र की वो सुपरहिट फिल्म

वैसे तो धर्मेंद्र अब भी फिल्मों में एक्टिव हैं। 88 साल की उम्र में धर्मेंद्र, शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनकी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दिख चुके हैं। इससे पहले रॉकी और रानी की लवस्टोरी में भी धर्मेंद्र नजर आए। लेकिन हम जिस मूवी की बात कर रहे हैं वो आई थी साल 1977 में। ये फिल्म थी धरम वीर। इस एक्शन ड्रामा मूवी में धर्मेंद्र के साथ दिखी थीं जीनत अमान, जितेंद्र और नीतू सिंह। इन सबके अलावा प्राण भी इस फिल्म में अहम भूमिका में थे।

**50 हफ्ते तक लगी रही फिल्म :** जुड़वा भाइयों की कहानी पर बेस्ड ये फुल ड्रामा मूवी, भारत में खूब पसंद की गई। फिल्म करीब पचास हफ्ते तक थियेटर में लगी रही। उस दौर में फिल्म ने सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ही 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा फिल्म ने यूनाइटेड किंगडम यानी कि इंग्लैंड के पांच शहरों में भी 23 सफल शो देखे। उस दौर में सिर्फ इंग्लैंड में फिल्म ने 4 लाख 38 हजार रुपए की कमाई की। यहां मोहम्मद रफी की आवाज में गाए गीत भी खूब पसंद किए गए।

# ऐश्वर्या से माफी मांगना चाहते हैं इमरान...

**मुंबई।** एक इंटरव्यू में एक्टर इमरान हाशमी ने उस किस्से के बारे में बात की जब उन्होंने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इमरान हाशमी ने अब उसबारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि वो ऐश्वर्या राय से इस बात के लिए माफी मांगना चाहेंगे। इमरान हाशमी से पूछा गया कि क्या उन्हें ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहने का पछतावा है? सवाल सुनते ही इमरान हाशमी ने कहा कि हां उन्हें इस चीज का पछतावा है। उन्होंने कहा कि मैं कहता रहता हूं कि मैनें जिनके बारे में बात की, उनके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए इमरान ने कहा कि मुझे उस चीज का पछतावा है क्योंकि वो बहुत अप्रिय था। अब लोग बहुत सेंस्टिव हो चुके हैं। लोग सोशल मीडिया पर हर चीज पर नाराज हो जाते हैं। इमरान हाशमी ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि अगर ऐश्वर्या राय को उनकी बात का बुरा लगा था वो उनसे माफी मांगना चाहेंगे। बता दें, कॉफी विद करण के चौथे सीजन के एक एपिसोड में इमरान हाशमी ने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इसके बाद, इमरान हाशमी को सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल किया गया था। इमरान हाशमी ने कहा कि मैं बस हैंपर जीतना चाहता था और इसलिए मैंने वो कहा। हालांकि, ऐश्वर्या राय ने कभी इमरान हाशमी के इस स्टेंटमेंट पर सीधे तौर पर रिएक्ट नहीं किया है।



## खबर संक्षेप

### खेत में मेढ़ बांधने गए युवक की मिली लाश



**भर्रीडाड़** । मरवाही विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत उसाढ में खेत में मेढ़ बांधने गए युवक की लाश मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर पोस्ट मॉर्टम के लिए भेजवा दिया । पुलिस के अनुसार राजेश सिंह कौशलेश पिता कुशल सिंह कौशलेश उम्र 32 वर्ष शुक्रवार की शाम खेत में मेढ़ बांधने गया था। अंधेरा हो जाने पर वापस नहीं आने पर परिजन ने खोजबीन की। शनिवार की सुबह गांव के ही एक व्यक्ति बताया कि राजेश खेत में गिरा पड़ा है। घर वालों ने जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी और उसके नाक मुंह से झाग निकल रहा था, जिसकी सूचना परिजनों ने मरवाही पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर बॉडी को पोस्ट मॉर्टम के लिए भेजवा दिया ।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रा किरण का चयन

**लखराम** । स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



अकलतरी विकास खण्ड बिल्हा जिला बिलासपुर की छात्रा किरण प्रभा पिता सुरेंद्र धीवर का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं हेतु चयन हुआ है। छात्रा को इस उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत माता-पिता का आशीर्वाद व विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाओं का मार्गदर्शन रहा।

### प्राचार्य, व्याख्याता तथा प्रधानपाठक को दी विदाई



**सरगांव** । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतलपुर के प्राचार्य एसपी उपाध्याय, वरिष्ठ व्याख्याता कल्याणी डे तथा माध्यमिक विद्यालय बैतलपुर के प्रधानपाठक शंकर लाल राजपूत 30 जून को सेवानिवृत्त हुए हैं। बैतलपुर, मदकू, बासीन, खुटेरा संकुल परिवार द्वारा 13 जून को बैतलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शुभकामनाएं प्रदान कर विदाई की गई। उन्हें शाल श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रविपाल राठौर, एनआर ध्रुव, प्रभारी प्राचार्य रामकुमार कांत, श्यामकुंवर वर्मा, मीना अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, भोजराम वर्मा, अजय भारती सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### राजेंद्र लाल तिवारी

**बिलासपुर**। होटल अजीत सोनी गली तेलीपारा निवासी राजेंद्र लाल



तिवारी (घुरसेना वाले) का शनिवार 13 जुलाई को निधन हो गया। वे 96 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा रविवार की सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं।

### हाजी युसुफ अहमद खान

**बिलासपुर**। आर्या कालोनी ऋषि गैस के सामने तिफरा निवासी हाजी



युसुफ अहमद खान का शनिवार 13 जुलाई को निधन हो गया। उन्हें रविवार 14 जुलाई को सुबह 11 बजे मरीमाई रहमतबाग कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया जाएगा। वे आबिद, शाहिद, जरयाब एवं परवीन आलम के पिता और डाक्टर मकबूल आलम के ससुर थे।

### श्रीमती फूलबाई धीवर

**बिलासपुर**। ग्राम पेण्डरवा निवासी श्रीमती फूलबाई धीवर का शनिवार



13 जुलाई को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार रविवार 14 जुलाई को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. होरीलाल धीवर की पत्नी व राजकुमार धीवर की माता थीं।

### सरगांव थाना से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर सेंधमारी

# चोरों ने दुकान में सेंधमारी कर 8 लाख के सोने व चांदी के जेवरात किए पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

जिले के सरगांव थाना से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित जिला सहकारी बैंक के सामने एक ज्वैलरी शॉप में शुक्रवार देर रात चोरों ने सेंधमारी कर 8 लाख रुपए का सोना चांदी का जेवर पार कर दिया। मामले में पुलिस ने धारा 331(4),305(अ) तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ पुलिस आसपास में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाल

पुलिस के मुताबिक नगर पंचायत सरगांव के मेन रोड में एक ज्वैलरी शॉप स्थित है। जहां सोने व चांदी के आभूषणों की बिक्री की जाती है। दुकान के पीछे संचालक का घर है। प्रत्येक दिन की तरह संचालक श्यामलाल सोनी रात में अपनी दुकान बंद कर पीछे अपने घर चला गया। सुबह उठने पर देखा कि दुकान का डिस्प्ले और बाक्स में रखे जेवर गायब है। अज्ञात चोरों ने बगल वाली जगह से दुकान की दीवार तोड़ कर बिक्री के लिए रखे सोने व चांदी के जेवर पार कर दिए। दुकान संचालक ने घटना की सूचना सरगांव थाना में दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम बुलाकर मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही पुलिस आसपास में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि दुकान में रखे लगभग 8 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर चोरों ने पार कर लिया है।




### 8 लाख का समान चोरी

दुकान संचालक ने बताया कि वे शुक्रवार को रात 8 बजे दुकान बंद कर अपने मकान चले गए थे। शनिवार की सुबह जब दुकान खोला तो सभी गहने गायब मिले। सोना चांदी समेत करीब 8 लाख के समान दुकान में रखे थे। संचालक ने बताया कि चोर दुकान की दीवार तोड़कर अंदर दाखिल हुए थे। जहां उसकी ज्वेलरी शॉप है वहां देर रात लोगों की आवाजाही होती रहती है। दुकान मेन रोड पर है। इसे देखते हुए चोरों ने घटना को देर रात अंजाम दिया है।

### तलाश किया जाएगा

चोर गिरोह के द्वारा सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले में अपराध पंजीबद्ध कर जांच कार्रवाई में लिया गया है। जल्द ही चोर गिरोह का पता तलाश किया जाएगा। थाना क्षेत्र में पुलिस गस्त बढाई जाएगी।

हरविंदर सिंह (निरीक्षक)
थाना प्रभारी सरगांव



## मोपका के नगर जनसमस्या निवारण शिविर में 57 आवेदन

**मोपका**। नगर निगम द्वारा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन वार्ड 48 के अंबेडकर भवन मोपका में किया गया। जहां पर सीसी रोड, बिजली, नाली के साथ आवास एवं पेंशन की मांग सर्वाधिक रही। वहीं पूर्व में हुए जन समस्या निवारण शिविर में किसी प्रकार का निवारण नहीं होने की भी शिकायत हुई । शिविर में अलग-अलग काउंटर जरूर बने थे पर कोई भी जवाबदेही अधिकारी, कर्मचारी नहीं थे। जिनसे कुछ जानकारी मिल सके। सिर्फ समस्या के संबंध में कागज में लिखित आवेदन लिया गया। शिविर में कुल 57 आवेदन आए जिसमें सफाई 3 , पेयजल 1, लाइट 6 , सड़क सी.सी. रोड 17, नाली निकासी 14, सामाजिक सुरक्षा 2, भवन निर्माण 4, राशन कार्ड बनवाने 11, पट्टा की मांग 4, अन्य 3 आवेदन शामिल है। सी.सी. रोड बनाने एवं नाली निर्माण की अति आवश्यकता बताई गई है। ज्ञात हो कि विवेकानंद नगर में नाली को पाट देने से पानी निकासी नहीं हो पा रहा है। नाली के ऊपर बेजाकब्जा कर बाउंड्री वाल्स खड़ा कर देने से समस्या हो रही है।

■ बिजली, सड़क नाली, पेंशन आवास के शिविर में आए सर्वाधिक आवेदन

## सेमरताल में किसान कुटीर का विधायक अमर व सुशांत ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरताल

धान मंडी परिसर सेमरताल में शनिवार को किसान कुटीर का लोकार्पण विधायक अमर अग्रवाल व विधायक सुशांत शुक्ला के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच में हर्षिता पान्डेय, राजेश सिंह, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, संजय खंडेलवाल, उमेश गौरहा, सरपंच राजेन्द्र साहू मौजूद थे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पाहार से किया गया।

■ बेलतरा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बनाए गए किसान कुटीर

बेलतरा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बनाए गए किसान कुटीर का नाम भाजपा के वरिष्ठ, समर्पित और दिवंगत नेताओं के नाम पर रखा गया। सेमरताल के किसान कुटीर को अब दिलीप सिंह जूदेव किसान कुटीर के नाम से जाना जाएगा। वहीं बद्रीधर दीवान, मनहरण लाल पान्डेय, मूलचंद खंडेलवाल, रुपचंद शास्त्री के नाम से किसान कुटीर के शिलालेख का लोकार्पण अतीथियों ने किया। बेलतरा विधायक ने कहा कि किसान कुटीर हमारे राष्ट्रवादी, किसान हितैषी और समर्पित नेताओं के नाम पर रखा जा रहा है, ताकि हम सब उन्हें हमेशा याद रखें। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि आज किसानों और प्रिय नेताओं के बीच आकर अच्छा लग रहा है। किसान कुटीर किसानों के हित के लिए। कार्यक्रम में जिला किसान महामंत्री मनीष कौशिक, तिलक साहू, सतीश धीवर, यशवंत सिंह ठाकुर, पोमन सिंह, दिनेश सिंह, पूर्णिमा यादव सहित सोसायटी कर्मचारी मौजूद थे।



कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथि।

## छात्रों ने स्कूल परिसर में लगाए फलदार पौधे

**जयरामनगर**। एक पेड़ माँ के नामस् अभियान के तहत एरमसाही में शाउमा विद्यालय के प्राचार्य आईपी सोनवानी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने छायादार, फलदार, और फूलों के विभिन्न प्रजातियों के पौधे शाला परिसर में लगाए। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने शपथ लिया कि उनके द्वारा लगाए गए पौधे माँ के नाम पर हैं तो उस पौधे को जगाने और संरक्षित करने की भी जिम्मेदारी उनकी ही है।

व्याख्याता रामेश्वर गुप्ता ने बताया कि बच्चों ने आम, पीपल, बरगद, जामुन, खम्हार, मेंहदी, गुलाब, मदार, बोगनबेलिया, अर्जुन,अनार आदि के पौधे लगाकर उसे सुरक्षित किया। है।पौधरोपण कार्यक्रम में स्कूल के व्याख्याता नरेंद्र सिंह, सहेत्तर बंजारे,गौरीशंकर चंद्राकर,राजेंद्र यादव, रोशन कुर्रे, तिलोचन देवांगन,कुलदीप केरकेट्टा, अनिता भारती,सोनाली वर्मा,मिथिला साहू,कल्पना राठौर, सतरूपा साहू,जयप्रकाश राज,रामनाथ नागेश सहित सभी विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।



### जीवन बीमा अभिकर्ता संघ ने किया पौधरोपण

**सकरी**। भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता संघ बिलासपुर सीएबी शाखा के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता में सशिमं विद्यालय सकरी में पौधरोपण कराया गया। मौके पर शाला प्राचार्य व अध्यक्ष मौजूद रहे। सचिव श्रवण साहू, कोषाध्यक्ष प्रभात पणिकर, संगठन सचिव अनिता चंद्रा व शाखा के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया।

### जेएमपी कालेज में पौधारोपण

शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवम उद्यान समिति के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालयीन स्टाफ व छात्रों द्वारा पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सीमा नेगी ने पर्यावरण के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए इसके महत्व को बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजीव शर्मा, डॉ एस के पाड़े, डॉ मीना शर्मा, डॉ सीमा नाथ, इन्दु कौशल, डॉ डीपी चंद्रवंशी, डॉ राकेश कुर्रे, डॉ पार्वती पटेल, मीरा गुप्ता, प्रियाशंकरलाल जैसवाल उपस्थित रहे।

### महिला बाल विकास विभाग ने रोपे पौधे

**तखतपुर**। महिला बाल विकास विभाग की ओर से एक पेड़ मां की नाम की शुरूआत तखतपुर में की गई। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण कुमार साहू, दिलीप तोलानी के द्वारा पौधरोपण किया गया। कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण अब सभी का ध्यान पर्यावरण के प्रति गया है और अभी भी समय है हमारे पास की हम एक एक पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करें तथा पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाए। इस अवसर पर पर्यवेक्षक माधवी चंद्रा, संगीता कौशिक, सरिता ठाकुर, शीतला तिवारी, चंद्रप्रकाश, छोटू इंडुआ उपस्थित थे।



## शिक्षित व्यक्ति समाज को बना सकता है सशक्त व खुशहाल




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में शनिवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप ने कहा कि शिक्षा जीवन बनाने की नींव है इसके बिना सर्वांगीण विकास संभव नही है।

■ कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में मना शाला प्रवेशोत्सव

शिक्षा से समाज सशक्त एवं खुशहाल बन सकता है। आप सभी लक्ष्य प्राप्त करने पूरी मेहनत के साथ अध्ययन करें। शैक्षिक संकुल समन्वयक प्रमोद पांडेय ने कहा कि आप सभी जीवन मे अपने गुरुओं का सम्मान करें , सफलता निश्चित ही मिलेगी। इसके बाद नवप्रदेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुस्तक वितरण कर उनका स्वागत करते हुए उनके उज्ववल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिए।

इसके बाद एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला प्रांगण में पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया गया। इस दौरान शाला के समस्त शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## जेके कॉलेज में सीएटीसी का 10 दिवसीय कैंप

**तखतपुर**। सातवीं छ.ग. बटालियन एनसीसी बिलासपुर द्वारा कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव व एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव राय के मार्गदर्शन में 2 से 11 जुलाई के बीच जेके इंजीनियरिंग कॉलेज में सीएटीसी का 10 दिवसीय कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 650 कैडेट्स सम्मिलित हुए।

कैंप में जेएमपी महाविद्यालय के 32 कैडेट्स प्राचार्या डॉ. सीमा नेगी व एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विपिन अग्रहरि के निर्देशन में सम्मिलित हुए। महाविद्यालय का सीनियर अंडर ऑफिसर भरत कुमार को इस कैंप के लिए कैंप सीनियर बनाया गया। साथ ही जूनियर अंडर ऑफिसर नम्रता साहू को प्लाटून कमांडर बनाया गया। गार्ड ऑफ़ ऑनर की 10 सदस्यीय टीम में महाविद्यालय की नेहा खुटे, नम्रता साहू, गीतांजलि, रीति ध्रुव भी सम्मिलित रहीं। इस उपलब्धि पर प्राचार्या डॉ. सीमा नेगी, डॉ मीना शर्मा, डॉ सीमा मनीष नाथ, डॉ राजीव शर्मा, डॉ एस.के. पाडे, डॉ डी.पी. चंद्रवंशी, डॉ बसंत अंचल, डॉ राकेश कुर्रे, डॉ इंदु कौशल, डॉ पार्वती पटेल, डॉ सस्मिता बर्गाह, प्रिया जायसवाल, सिमरन टेकचंदानी, डॉ रजनी बारले, डॉ स्वाति पांडे ने हर्ष व्यक्त किया है।



## भारतीय किसान संघ का सदस्यता अभियान, दिलहरण बनाए गए अध्यक्ष



**करगी रोड कोटा**। भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ जिला बिलासपुर के तहसील कोटा के द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान तहसील समिति का गठन सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष दिलहरण प्रसाद श्रीवास कलारतराई, मंत्री धर्मेंद्र सिंह परिहार गोबरीपाट को सर्वसम्मति से चुना गया। अध्यक्ष ने बताया कि समिति की संरचना अध्यक्ष, मंत्री व कार्यसमिति सदस्यों द्वारा किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में प्रमुख रूप से राजू सिंह, आरएस पांडेय, माधव सिंह, एलपी सिन्हा, गोपीचंद पटेल, मनजीत सिंह, मनोहर सिंह, गोविंद सिंह आर्मो, सुभाष अनंत, बाला दास बंजारे, कौशल सिंह जगत, कौशल कुमार मार्को, अनिल कुमार साहू, राजकुमार साहू, तीरथ नवरंग उपस्थित थे।

### करंट की चपेट में आने से गाय की मौत

**तखतपुर**। तरंग गति तार की चपेट में आने से गाय की मृत्यु हो गई। ग्राम बरेला पटेलपारा में बलीराम पटेल के घर के पास लोहे के बिजली के खम्भे में करंट आने की जानकारी उमाशंकर पटेल ने पिछले 15 दिनों से बिजली विभाग को दी थी। विद्युत विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था आज शाम लगभग 3 बजे से बारिश हो जाने के बाद खम्भे के नीचे जमींन तक करेंट आ गई थी। उमाशंकर पटेल की गाय खम्भे के पास घास चरते हुए गई तो करंट की चपेट में आ गई। कृषक उमाशंकर पटेल ने शासन से मुआवजे की मांग की है।


### दो पक्षों में मामूली बात को लेकर विवाद, जुर्म दर्ज

**तखतपुर**। दो पक्षों में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने एक दूसरे के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार पुरेना निवासी जगमोहन बंजारे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 12 जुलाई को शाम 4 बजे अपने दोस्तों के पास बराही गया हुआ था। तभी आरोपी राहुल कश्यप और दुर्गेश गोस्वामी ने मारपीट कर दिया। वहीं प्रार्थी दुर्गेश गोस्वमी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहा था तभी जगमोहन बंजारे ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया।

## एटीएम कार्ड का विवरण किसी को ना दें, पिन यूनिक रखें व समय पर बदलते रहें : प्रीति

**मस्तूरी** । चेतना अभियान के अंतर्गत मस्तूरी क्षेत्र में चौथे दिन परसदावेद स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, टिकारी के मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक शाला एवं सरस्वती शिशु मंदिर तथा परसदावेद के सरस्वती शिशु मंदिर में भी साइबर, यातायात एवं नए कानून की पाठशाला लगाई गई।

इस दौरान ब्रह्माकुमारी प्रीति में बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग से बचने की सलाह दी और कहा कि जिस प्रकार एक्सीडेंट शरीर को नुकसान पहुंचाता है इसी प्रकार ऑनलाइन फ्रॉड हो जाने से व्यक्ति को मानसिक रूप से चोट पहुंचती है, तनाव हो जाता है। इससे बचने के लिए अपने डेबिट कार्ड एटीएम कार्ड के पिन सरल या अपनी जन्मदिन का डेट न रखें। कोई यूनिक नंबर रखना चाहिए। और समय प्रति समय पिन नंबर बदलते रहना चाहिए। अंत में बीके होरीलाल एवं गौरी ने सभी को युवा की उड़ान गीत पर म्यूजिकल एक्सरसाइज का अभ्यास कराया। राकेश ने सभी को चेतना अभियान का परिचय दिया। सभी स्कूलों में चेतना कार्यक्रम की सराहना की गई एवं पुनः आने का निमंत्रण दिया गया।




### ऑनलाइन गेम विद्यार्थी जीवन के अमूल्य समय को कर देता है नष्ट : मनु

**सीपत**। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की स्वाति के मार्गदर्शन में शनिवार को सीपत के आत्मानंद स्कूल में साइबर की पाठशाला लगाई गई। जिसमें मनु ने साइबर की पाठशाला से बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि अपने मोबाइल का पासवर्ड कभी भी किसी अनजान किसी को नहीं बताएं। ईमेल व टैक्स मैसेज के माध्यम से प्राप्त लिंक पर क्लिक करके कभी भी गेम डाउनलोड नहीं करें। जो स्मार्टफोन की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। ऑनलाइन गेमिंग वर्ल्ड में यदि आप कही ऐसे साइबर फ्रॉड में फस जाते हैं तो तुरंत अपने माता-पिता अथवा बुजुर्गों को बताएं ताकि वह आपकी सहायता और मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**आम सूचना**

भारतीय भगीदारी अधिनियम 1932 की धारा 72 के अधिन सुचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की हमारी फर्म में. एल आर एग्रोटेक, पंजीयन क्रमांक 222202257570 दिनांक 12.07.2022 द्वारा पंजीकृत फर्म है। जिस्में भागीदार श्री सजन कुमार अग्रवाल, पिता स्व श्री लखीराम अग्रवाल, श्री अनुराग बंसल, पिता श्री सजन कुमार अग्रवाल, श्री अनिरुद्ध अग्रवाल, पिता श्री सजन कुमार अग्रवाल, मे. अम्बर कम्मोडील प्राइवेट लिमिटेड (डायरेक्टर श्री अनुराग बंसल), श्रीमती सरिता देवी अग्रवाल, पति श्री सजन कुमार अग्रवाल, श्रीमती गरिमा अग्रवाल पति श्री अनुराग बंसल एवं श्रीमती प्रियल अग्रवाल पति श्री अनिरुद्ध अग्रवाल थे। अब दिनांक 01.04.2024 से श्रीमती सरिता देवी अग्रवाल, पति श्री सजन कुमार अग्रवाल, श्रीमती गरिमा अग्रवाल पति श्री अनुराग बंसल एवं श्रीमती प्रियल अग्रवाल पति श्री अनिरुद्ध अग्रवाल, फर्म से रिटायर हो गए है एवं फर्म की ऑफिस का स्थान परिवर्तित किया गया है। जिसका पहले पता दुकान न. S-03 दूसरा तल, ऍम-गलेरिया कॉम्प्लेक्स, गुम्बर पेट्रोल पंप के पीछे, मेन रोड, व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग) -495001 था, अब वर्तमान पता में. एल आर एग्रोटेक, गांव दौरहाभाटा, बिलासपुर-रायपुर हाईवे के बगल में, बिल्हा मोड़ के पास, तहसील बिल्हा बिलासपुर (छ.ग) -495222 है।
तदनुसार सुचना जाने

भवदीय
मे. एल आर एग्रोटेक
श्री अनुराग बंसल (भागीदार)
बिलासपुर (छ.ग)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। की मैं अपने आसामी 1. मुरली देवांगन 2. शुभम देवांगन दोनों के पिता रघुनन्दन देवांगन निवासी लिंगियाडीह तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से अधिकृत हो होकर यह आम सूचना प्रमाणित करता हूँ कि मौजा सिरगिट्टी प.ह.नं 41 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 319/10 रकबा 0.0160 हेक्टेयर है, जो कि 1. विजय कुमार पिता स्व. विक्की प्रेमसिंह 2. विरेन्द्र मसीह पिता विजय कुमार निवासी इंदिरा कॉलोनी तारबाहर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के नाम पर दर्ज है उपरोक्त भूमि को मेरे आसामी ने क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है।

अगर किसी व्यक्ति/संस्था / बैंक/निजी निकाय को किसी प्रकार से कोई आपति है तो 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज संहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि निकलने के पश्चात किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
वेद प्रकाश विश्वकर्मा (अधिवक्ता)
मो. 9907444307, 8815197216

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सामान्य आवास, अभिलाषा परिसर तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी. II-38 आधार रो हाऊस मूल आबंटी श्री अरविंद दिक्षित पिता स्व. श्री ठाकुर प्रसाद दिक्षित के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 19.02.2013 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 25.04.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्रीमती पूजा खत्री पति श्री अनुराग खत्री के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा / आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)

प्रो.क्र.-52

**दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर, जिला- बिलासपुर, (छ.ग.)**

आदेशिका क्र.
दावा प्रकरण क्र. -92/2023
पेशी - 21/08/2024
सगुन........................आवेदिकागण
विरुद्ध
श्रीराम वगै.....................अनावेदकगण

// ज्ञापन //

प्रति,
बिरबल यादव, पिता- मुरुवा यादव,
निवासी- टिकरापारा, तखतपुर,
थाना- तखतपुर,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

इस अधिकरण में आवेदक को आप अनावेदक क्रमांक 02 बिरबल के द्वारा दिनांक 20/11/2022 को वाहन क्रमांक सी.जी. 10 जी 1176 को तेजी एवं लापवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने के कारण आवेदक शगुन को गंभिर चोटें आई थी। इस प्रकार आप अनावेदक 02 व अन्य के विरुद्ध दुर्घटना होने पर इस अधिकरण के समक्ष दुर्घटना दावा प्रकरण प्रस्तुत किया गया है, जिसमें क्षतिपूर्ती राशि 54,80,000/-रू. की मांग किया गया है। उक्त प्रकरण आप अनावेदक क्रमांक 02 की उपस्थिति हेतु नियत है। उक्त प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही दिनांक 21 / 08 / 2024 को आप अनावेदक क्र. 02 की उपस्थिति दर्ज कराने निश्चित की गई है।

अत: आप अनावेदक क्र. 02 को यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 21/08/2024 को इस अधिकरण के समक्ष स्वत: या अपने अधिवक्ता जिन्हे सम्यक उद्देश्य दिये गये हो के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे और प्रकरण की कार्यवाही में भाग ले अन्यथा आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर आपके विरुद्ध प्रकरण का निराकरण करते हुए एकपक्षीय कार्यवाही आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी।

नोट :- यदि किसी कारणवश उक्त सुनवाई की तिथी को सार्वजनिक अवकाश होता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनाँक............को मेरे हस्ताक्षर एवं अधिकरण की मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांक- 01.07.2024

(अविनाश के. त्रिपाठी)
दशम अति. मो.दु.दा. अधिकरण
बिलासपुर(छ.ग.)

# 53 हजार गरीब बच्चों ने निजी स्कूलों से नाता तोड़ा, बीच में छोड़ी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शिक्षा का अधिकार के तहत दाखिला लेने वाले 53 हजार छात्रों ने पिछले तीन सालों में बड़े स्कूलों से नाता तोड़ लिया है। हर साल 220 करोड़ का भुगतान के बाद भी ऐसी स्थिति क्यों आई, सरकार इसका पता लगाने जा रही है।

स्कूल शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारियों के मुताबिक इसके पीछे जो भी वजह सामने आएगी, उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। आंकड़ों के मुताबिक 2020-21 में 10 हजार 427, सत्र 2021-22 में 18 हजार 399 और सत्र 2023-24 में 24 हजार 478 विद्यार्थियों ने स्कूल छोड़ दिया है। इनमें से कई विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने बीच सत्र ही पढ़ाई छोड़ दी है। गौरतलब है कि प्रदेश में आरटीई के तहत हर साल औसतन 52 हजार विद्यार्थी दाखिला लेते हैं। बताया जा रहा है कि शिक्षा का कानून लागू होने के बाद पहली बार राज्य में ऐसा हुआ है कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों ने उस स्कूल को छोड़ दिया, जहां उन्हें मुफ्त में अच्छी शिक्षा देने का दावा किया जाता है। आरटीई के हैरान करने वाले आंकड़े सामने आने के बाद अब अधिकारी उन स्कूलों का दौरा कर रहे हैं।

- 2023-24 में 24 हजार 478 विद्यार्थियों ने छोड़ा स्कूल

### हर साल 220 करोड़ रुपए का भुगतान

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का अधिकार नियम के तहत निजी स्कूलों को हर साल औसतन 220 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता है। कक्षा पहली से पांचवी तक 7000 रुपये प्रति वर्ष, कक्षा छठवीं से आठवीं तक 11 हजार 500 रुपये प्रति वर्ष और कक्षा नवमी से 12वीं तक 15000 हजार रुपये प्रति विद्यार्थी प्रतिवर्ष का भुगतान किया जाता है।

### सामाजिक भेदभाव भी एक वजह

जानकार मानते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में आरटीई वाले बच्चों के स्कूल छोड़ने की कई सारी वजहें हैं। इसमें एक जिले से दूसरे जिले में पलायन सबसे बड़ा कारण है। जिला परिवर्तन होने के बाद बच्चों को इस नियम का लाभ नहीं मिलता है। कई बार सामाजिक और आर्थिक असमानता भी इसकी वजह बनती है। निजी स्कूलों में आरटीई के तहत दाखिला लेने वाले बच्चों के साथ भेदभाव किया जाता है। ऐसी शिकायतें लेकिन बहुत कम होती हैं। कई स्कूलों में साधन-संसाधनों की कमी व पढ़ाई का स्तर भी वजह है। निजी स्कूल की संचालिका रेखा खरे के मुताबिक नियम के तहत सरकार ट्यूशन फी का वहन ही करती है, लेकिन स्कूल के ड्रेस और अन्य खर्चों का वहन पालक पर ही होता है, जिसका वहन न कर पाने की वजह से भी पालक बच्चों का नाम कटवा कर शासकीय स्कूलों में दाखिला ले लेते हैं।

### कई बच्चों ने आत्मानंद में ले लिया एडमिशन

गौरतलब है कि पिछली सरकार ने राज्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले थे जहां सभी को मुफ्त शिक्षा मिलती है। यह भी एक कारण है कि आरटीई में दाखिला लेने वाले कई विद्यार्थी उन स्कूलों में शिफ्ट हो गए। शिक्षा विभाग अगर सभी ड्रॉफ आउट्स का पता लगाए तो यह आंकड़े भी सामने आ जाएंगे कि निजी स्कूल छोड़ने वाले कितने आरटीई स्टूडेंट्स ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में एडमिशन लिया। इसके साथ ही आरटीई के तहत स्कूलों में एडमिशन भी काफी देर से चलता है। अगस्त तक बच्चों की पढ़ाई शुरू नहीं हो पाती। इस कारण भी बच्चे दूसरे स्कूल चले जाते हैं।

### एडमिशन लेने के बाद कोई बच्चा स्कूल न छोड़े इस पर ध्यान दिया जा रहा

प्रायवेट स्कूलों के ड्रॉप आाउट पर किसी भी सूरत में अंकुश लगाया जाए इसकी कोशिश की जा रही है। एडमिशन लेने के बाद बीच में कोई बच्चा स्कूल ना छोड़े इस पर खास ध्यान दिया जा रहा है। प्रायवेट स्कूलों में गरीब बच्चों को प्रताड़ना और ड्रॉप आउट से बचाने मेंटर नियुक्त किए जा रहें हैं। 20 बच्चों पर एक अफसर को मेंटर बनाया जाएगा। यह मेंटर सलाहकार और संरक्षण का कार्य करेंगे। स्कूल में अगर कोई दिक्कत होगी तो मेंटरों का काम होगा कि, वे स्कूलों के साथ कोआर्डिनेट करें। वे बच्चों से सतत संपर्क में रहेंगे कि उन्हें स्कूलों में कोई मानसिक परेशानी का सामना तो नही करन पड़ रहा है। ड्रॉप आउट लेने वाले बच्चों की भी वे निगरानी करेंगे और पता लगाएंगे कि किन परिस्थितियों में बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं। कई बार गरीब बच्चे बड़े स्कूलों में एडजस्ट नहीं कर पाते, इसमें भी स्कूल और मेंटर मिलकर काम करेंगे।

**- आरपी आदित्य,** ज्वाइंट डायरेक्टर स्कूल शिक्षा विभाग

## खबर संक्षेप

### एयरपोर्ट के विकास में अफसरशाही बाधा

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अधिकारियों के अड़ियल रवैया और अदूरदर्शिता की आलोचना की और इसे एयरपोर्ट के विकास में हो रही लेटलतीफी का कारण बताया। सदस्यों ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ मीटिंग हाईकोर्ट के निर्देश पर की गई थी, अधिकारियों ने डीवीओआर उपकरण आधारित टेक्नोलॉजी को लगाना आवश्यक बताया है, यह कार्य 10 महीने पहले होना था,परंतु विमान विभाग के अधिकारियों के चलते लंबित है। एयरपोर्ट के विकास में अधिकारी मनमाने ढंग से काम कर रहे है। 18 अप्रैल को ही केंद्र सरकार और डीजीसीए ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित टेक्नोलॉजी पर नाइट लैंडिंग की अनुमति नहीं मिलेगी। इसके बाद भी अधिकारी काम नहीं कर रहे है। साथ ही 287 एकड़ जमीन का सीमांकन नहीं किया गया है। शनिवार को मनोहर खटवानी, रवि बनर्जी विजय वर्मा बद्री यादव मनोज श्रीवास देवेंद्र सिंह ठाकुर समीर अहमद, आशुतोष शर्मा , अखिल अली ,शाहबाज अली ,राकेश शर्मा और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### जिला आटो संघ का चुनाव 21 को

**बिलासपुर।** जिला आटो संघ का चुनाव 21 जुलाई रविवार को व्यापार विहार स्थित त्रिवेणी भवन में होगा। इसके लिए आटो संघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास एवं पूर्व अध्यक्ष व्ही मधुसूदन राव को चुनाव अधिकारी के रूप में बनाया गया । चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास एवं पूर्व अध्यक्ष व्ही मधुसूदन राव ने बताया कि जिला आटो संघ का चुनाव निम्न 5 पदों के लिए किया जाएगा, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव एवं कोषाध्यक्ष चुना जाएगा। लगभग 2000 आटो संघ के वोटर इस चुनाव प्रकिया में भाग लेंगे। 21 जुलाई को मतदान की प्रक्रिया 8 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी।

### सूने घर में चोरों का धावा जेवर-नकद ले उड़े

**बिलासपुर।** पेट्रोल पंप मैनेजर के घर में चोरों ने धावा बोलकर नकद रकम चोरी कर लिया। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रमांक 7 निवासी गुलशन जैसवानी पिता रमेश लाल जैसवानी पेट्रोल पंप में मैनेजर हैं। 9 जुलाई को वे पेट्रोल पंप की बिक्री रकम 85 हजार रुपए लेकर अपने घर गए और आलमारी में रख दिया। उसके बाद वे रात में घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपनी मां को छोड़ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन चले गए। मां को ट्रेन में बैठाने के बाद रात में वे घर गए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और आलमारी से 85 हजार रुपए, सोने की बाली, मोबाइल चोरी हो गई थी। पुलिस ने श्री जैसवानी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बहू ने दोस्त के साथ मिलकर जेठ को पीटा

**बिलासपुर।** कासिमपारा निवासी आटो चालक की बेवा बहू से मिलने पहुंचे उसके दोस्त को घर आने से मना करने की बात पर गुस्साए दोस्त व बहू ने मिलकर जेठ की पिटाई कर दी। घायल जेठ ने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है। तोरवा पुलिस मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। तोरवा पुलिस के अनुसार कासिमपारा निवासी संतोष पिता मातादीन यादव 48 वर्ष माल वाहक आटो चलाता है। पीड़ित ने बताया कि घरेलू काम से वह 12 जुलाई को घर में था, इस दौरान निशांत नायडु उर्फ बाबु आन्ना निवासी सिरगिट्टी पहुंचा और बहू से मिलने उसके कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद जब निशांत बेवा बहू के कमरे से बाहर आया तो संतोष ने निशांत को टोकते हुए कहा कि वह घर न आया करे, सामाज वाले गलत बाते करते हैं। इस बात को लेकर निशांत नायडू व बेवा बहू गुस्सा हो गए और दोनों ने मिलकर संतोष यादव की हाथ मुक्का व पाइप से पिटाई कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची संतोष की पत्नी के साथ भी दोनों ने मारपीट की। घायल संतोष यादव ने तोरवा थाने पहुंचकर बहु व उसके दोस्त निशांत नायडु के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है।

#### चौड़ी सड़क के साथ 10 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा व्यावसायिक काम्पलेक्स

# इमलीपारा में सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू फाउंडेशन के लिए खोदे गए गढ्ढे में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बहुप्रतीक्षित इमलीपारा सड़क चौड़ीकरण का काम चालू हो गया है। इसके साथ ही व्यवसायिक काम्पलेक्स निर्माण के लिए फाउंडेशन के लिए गढ्ढा खोदा गया, जिसमें बारिश होने से पानी भर गया है, इसलिए फाउंडेशन ढलाई का काम अटका हुआ है। यहां पर करीब 10 करोड़ की लागत से सड़क चौड़ीकरण व काम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा है।

शहर के पुराने बस स्टैंड के पास अव्यवस्थित ट्रैफिक की समस्या से लोगों को जल्द ही निजात मिल जाएगी। इमलीपारा सड़क को सीधे श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक पुराना बस स्टैंड से जोड़ने काम चालू हो गया है और सड़क चौड़ीकरण के लिए डब्लूबीएम किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां से हटाए गए व्यापारियों को शिफ्ट करने व्यावसायिक काम्पलेक्स का निर्माण होना है, जिसके लिए फाउंडेशन के गढ्ढा खोदाई कर सरिया बांधने का काम हो गया है, लेकिन बारिश होने से फाउंडेशन के गढ्ढे में पानी भर गया, जिसके कारण फाउंडेशन की ढलाई नहीं हो पाई है। लगभग 12 साल पहले सत्यम चौक से पुराना बस स्टैंड तक के ट्रैफिक को कम करने के लिए इमलीपारा सड़क का चौड़ीकरण, उन्नयन किया गया था, लेकिन पुराना बस स्टैंड और इमलीपारा के पास की दुकानों के कारण वहां सड़क सकरी हो गई थी, जिससे इमलीपारा सड़क का उपयोग उतना नहीं हो पा रहा था। इस कारण से पुराना बस स्टैंड जाने वाली सड़क का यह वैकल्पिक मार्ग नहीं बन सका था। चौड़ीकरण हो जाने से यहां पर ट्रैफिक समस्या दूर हो जाएगी।

### सड़क चौड़ीकरण के लिए 86 दुकानों को तोड़ा गया

पुराना बस स्टैंड से इमलीपारा तक 80 फीट चौड़ी सड़क में 86 दुकान बाधा बनी हुई थीं, इसलिए नगर निगम द्वारा यहां के व्यापारियों को दुकान खाली करने चेतावनी दी गई थी, उसके बाद भी दुकानें खाली नहीं की गईं, तब निगम ने तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की, जिसके बाद व्यापारियों ने आनन-फानन में अपनी दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट करना शुरू किया। बड़ी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति में निगम अमला ने 6 जेसीबी मशीनों से ताबड़तोड़ दुकानों को ढहाने की कार्रवाई शुरू की और रात तक दुकान तोड़ी गईं।



### हाईकोर्ट से आदेश बाद निगम ने की कार्रवाई

हाईकोर्ट ने व्यापारियों की याचिका पर स्थगन को समाप्त करते हुए याचिका खारिज कर दी थी। इमलीपारा रोड के मुहाने पर निर्मित इन दुकानों को हटाने के खिलाफ वहां के व्यापारियों की ओर से पांच याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की गई थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद व्यापारियों को निगम के समक्ष 15 दिनों के अंदर आवेदन करना था और निगम को उनके व्यवस्थापन का निर्णय लेना था। दुकानों के व्यवस्थापन के लिए 9.99 करोड़ की लागत से कामर्शियल काम्पलेक्स का निर्माण स्मार्ट सिटी द्वारा कराया जा रहा है।

### कम होगा ट्रैफिक का दबाव

इमलीपारा से पुराना बस स्टैंड चौक को जोड़ने वाली चौड़ी सड़क बनाने का काम चालू हो गया है। बहुत जल्दी ही चौड़ी सड़क के बन जाने से उस मार्ग का ट्रैफिक दबाव कम होगा। इसके अलावा वहां के दुकानों को शिफ्ट करने के लिए काम्पलेक्स का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है।

**-खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

#### थाने से गांजा तस्कर को छोड़ा

# एसपी ने कोटा टीआई को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा पुलिस द्वारा थाने से गांजा तस्कर को बिना कार्रवाई छोड़ दिया गया था। एसपी ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कोटा टीआई अनिल कुमार अग्रवाल को थाने से हटाकर विशेष शाखा भेज दिया है। इसके अलावा अलग-अलग थाने से 5 निरीक्षकों और एक उपनिरीक्षकों का पदभार बदला गया है।

- 6 निरीक्षकों का हुआ तबादला, तीन थानेदारों कार्यालय में पदस्थ

दरअसल 10 जुलाई की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच कोटा पुलिस ने कोटा-रतनपुर मार्ग स्थित एक चर्चित होटल के पास कोटा के दो युवकों को पकड़ा था। तलाशी के दौरान उनके पास से 2 किलो गांजा भी मिला। पुलिस दोनों युवकों को थाना ले आई। लेकिन देर रात बिना कार्रवाई युवकों को छोड़ दिया।

दो सप्ताह पहले टीआई अग्रवाल को तारबाहर से कोटा का थाना प्रभारी बनाया गया था। तारबाहर टीआई रहते हुए एक आरक्षक को पुराना बस स्टैंड में इनके उपस्थिती में एक कार सवार युवक ने तमाचा जड़ा था। उस मामले पर भी टीआई अग्रवाल ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। जबकि एसपी के दखल देने पर बाद में मामला दर्ज किया गया।

### इनका एसपी ने किया तबादला

एसपी रजनेश सिंह ने शनिवार को 6 निरीक्षकों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें तीन थानेदारों को एसपी कार्यालय के अलग-अलग विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, लाइन में पदस्थ निरीक्षकों को थाने में भेजा गया है। इसमें सीपत टीआई कृष्ण चंद्र सिदार को शिकायत शाखा में पदस्थ किया है। वहीं लाइन में पदस्थ निरीक्षक निलेश पांडेय को सीपत थाने का प्रभार दिया गया है। जिला विशेष शाखा में पदस्थ निरीक्षक उमेश साहू को कोटा टीआई बनाया गया है। कोटा थाने प्रभारी अनिल अग्रवाल को जिला विशेष शाखा में भेजा है। बिल्हा टीआई नरेश चौहान को कंट्रोल रूम का प्रभारी दिया है। उनकी जगह पर निरीक्षक हरीशचंद्र तांडेकर बिल्हा थाने की कमान संभालेंगे। कोटा थाने में पदस्थ एसआइ ओंकारधर दीवान को बेलगहना चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

# पैरोल पर छूटे दो बंदी नहीं लौटे सिविल लाइन थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





केंद्रीय जेल से पैरोल पर छूटे दो बंदी तय समय पर जेल नहीं पहुंचे। जेल प्रबंधन ने इसकी सूचना रायगढ़ पुलिस को दी। इस पर रायगढ़ पुलिस ने अपने कार्यक्षेत्र के बाहर का मामला बताकर जुर्म दर्ज करने से इनकार कर दिया। अब दो महीने बाद जेल प्रबंधन ने सिविल लाइन पुलिस को इसकी सूचना दी है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया कि रायगढ़ जिले के चंद्रकांत निषाद और परेश्वर सारथी के खिलाफ 2019 में कोतवाली थाने में अपहरण, बलात्कार और पाक्सो का मामला दर्ज होने के बाद न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया था। इसके बाद जेल प्रबंधन द्वारा दोनों बंदियों को पैरोल पर छोड़ा गया है।

दोनों बंदियों को मई महीने में जेल लौटकर आना था। तय समय पर दोनों बंदी जेल नहीं पहुंचे। इसकी जानकारी रायगढ़ जिला पुलिस को दी गई। रायगढ़ जिला पुलिस ने इसे अपने क्षेत्राधिकार से बाहर का मामला बताकर जुर्म दर्ज करने से इन्कार किया है। अब दोनों बंदियों के खिलाफ सिविल लाईन थाने में जुर्म दर्ज कराया है।

# कार चालक ने बछिया को कुचला वाहन में की तोड़फोड़, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए एसयूवी के चालक ने सड़क पर बैठे बैल और बछिया को कुचल दिया। एक कार चालक युवक ने उसका पीछा कर उसे समझाइश देने के कोशिश की तो उसने गाली-गलौच कराते हुए जान से मारने की धमकी दी, इसके बाद पत्थर से उसकी कार का शीशा तोड़ दिया, जिसके बाद पीड़ित युवक ने सरकंडा थाना में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

लिंक रोड सीएमडी कॉलेज के पास रहने वाले सत्यनारायण पाण्डेय पिता केएल पाण्डेय की कास्टमेटिक हर्बल की दुकान है। घरेलू काम से वे अपने बड़े पिता के घर सरकंडा जा रहे थे। रात 12 बजकर 45 मिनट पर विजयापुरम मौसाजी स्वीट्स के पहले एक काले रंग की एसयूवी के चालक ने सड़क पर बैठे बैल और बछिया को टक्कर मार दी, कार में नंबर प्लेट नहीं लगी थी। कार की टक्कर से बैल तो सड़क किनारे जा गिरा, लेकिन बछिया कार के सामने पहिए में फंस गई। एसयूवी का चालक तेज गति से सत्यनारायण की स्विफ्ट कार को कट मारते हुए आगे निकल गया। गायत्री मंदिर के पास कार चालक ने रूककर सत्यनाराण के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और ईंट और पत्थर माकर उनकी कार का फ्रंट ग्लास तोड़ दिया। इस दौरान एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एयू 6104 से एक अन्य युवक भी वहां पहुंचा, जो एसयूवी चालक को पीयूष यादव के नाम से पुकारते हुए सत्यनारायण के साथ हुज्जतबाजी करने लगा। रात में वहां से निकले के बाद शनिवार की सुबह सरकंडा थाने में सत्यनारायण ने मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर 281,296,351 (2), 324 (4) और 3 (5) की धारा के तहत एफआईआर दर्ज किया है।

# दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, चार माह बाद जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिटकुली बलौदा बाजार निवासी युवक अपने दो दोस्तों को छोड़ने रहटाटोर पचपेड़ी जा रहा था। तीनों दोस्त बाइक से ग्राम हरदी गोबरी मोड़ पहुंचे थे, इस दौरान सामने से आ रही अज्ञात बाइक के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल युवक की मौत हो गई। पचपेड़ी पुलिस ने 4 माह बाद अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार बिटकुली बलौदा बाजार निवासी आकाश पिता करन टंडन 19 वर्ष 25 मार्च को अपने दोस्त रोशन जगत व सोनू केंवट निवासी रहटाटोर को छोड़ने के लिए जा रहा था। बाइक क्रमांक सीजी 22 जी 1783 से तीनों दोस्त ग्राम हरदी गोबरी मोड़ के पास पहुंच थे। इस दौरान सामने से आ रही अज्ञात बाइक के चालक अपनी वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए बाइक सीजी 22 जी 1783 को टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल आकाश टंडन को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मस्तूरी ले गए। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ 4 माह बाद गैर इरादतन हत्या का जुर्म दर्ज किया गया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी.मढ़रिया
डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
को-डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

#### जनसमस्या निवारण शिविर : निगमकर्मियों को लोगों की नाराजगी झेलनी पड़ रही

# खराब सड़क, राशन कार्ड, आवास के आवेदनों की बौछार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे जनसमस्या निवारण शिविर में सबसे ज्यादा लोग राशन कार्ड बनवाने एवं आवास के लिए पहुंच रहे हैं। पिछले तीन दिनों के शिविरों में अलग-अलग तरह के कुल 474 आवेदन आए हैं, जिसमें से 156 आवेदन राशन कार्ड संबंधी समस्या के और 94 आवेदन आवास के हैं। वहीं साफ-सफाई, नाली, पानी, लाईट आदि समस्याओं को लेकर लोग शिविर में निगम कर्मचारियों को खरी-खोटी भी सुना रहे हैं।

नगर निगम के सभी जोन क्षेत्रों के अलग-अलग वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर इन दिनों लग रहा है। यह शिविर 10 जुलाई से शुरू हुआ। शिविरों में निगम के अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी स्टाल लगाकर बैठते हैं और शिविर में पहुंचने वाले लोगों की समस्या सुनी जा रही है और उनकी मांग व समस्या के संबंध में आवेदन भी लिए जा रहे हैं।

अभी तक तीन दिनों में अलग-अलग वार्डो में शिविर लगाए गए हैं, जिनमें कुल 674 आवेदन मिल चुके हैं। शिविर में सबसे ज्यादा भीड़ राशन कार्ड और आवास मांगने वालों की पहुंच रही है और उनके ही आवेदन अधिक आ रहे हैं। अभी तक सबसे ज्यादा 156 आवेदन राशन कार्ड के लिए आ चुके हैं, जबकि आवास के लिए 94 लोगों के आवेदन आए हैं। आवास के लिए पात्रता होने पर आवेदन भराए जाते हैं, जबकि राशन कार्ड के लिए पात्रों के आवेदन लेकर खाद्य विभाग को भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा साफ-सफाई, पेयजल समस्या, स्ट्रीट लाईट बंद रहने, खराब सड़क व नाली आदि की समस्याओं को लेकर निगम कर्मचारियों को लोगों की खरी-खोटी भी सुननी पड़ रही है। लोग अपना गुस्सा शिविर में बैठे कर्मचारियों पर उतारते हैं।

### सड़क, नाली के लिए आवेदन

नगर जनसमस्या निवारण शिविर में राशन कार्ड, आवास के अलावा भी सड़क, नाली की समस्या को लेकर लोग पहुंच रहे हैं। खराब सड़क, नाली की मरम्मत के लिए 21 आवेदन आए हैं, जबकि सड़क एवं नाली निर्माण के लिए भी 53 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी तरह साफ-सफाई के लिए 16 आवेदन, स्ट्रीट लाइट के लिए 34 आवेदन सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए केवल 4 आवेदन, संपत्तिकर नामांतरण के संबंध में 5 आवेदन, राजस्व व नजूल शाखा से संबंधित 7 आवेदन और 38 आवेदन अन्य प्रकार के आए हैं।

### सिकलसेल की जांच भी

नगर निगम क्षेत्र में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर 10 अगस्त तक एक माह चलेगा। प्रत्येक दिन तीन-चार वार्डों में शिविर लग रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ सिकल सेल जांच की भी सुविधा रखी गई है। शिविर में संबंधित जोन कमिश्नर समेत निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं वार्ड पार्षद भी उपस्थित रहते हैं। वहीं कलेक्टर अवनीश शरण एवं निगम कमिश्नर अमित कुमार शिविर दौरान निरीक्षण करने भी पहुंच रहे हैं।

### दूर की जा रहीं समस्याएं

नगर निगम क्षेत्र के अलग-अलग वार्डो प्रत्येक दिन जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न तरह के मांग, समस्याओं को लेकर आवेदन मिल रहे हैं। उन आवेदनों को संबंधित विभागों में निराकरण के लिए भेजा जा रहा है और शिविर में भी निराकरण किया जा रहा है।

**-खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, ननि

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप



### नवनिर्मित भवन सियान सदन का लोकार्पण आज

**मुंगेली।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए रामगढ़ में नवनिर्मित भवन सियान सदन का आज लोकार्पण किया जाएगा। जिसमें अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव व केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू प्रातः 10 बजे लोकार्पण करेंगे। वरिष्ठ नागरिक के अध्यक्ष धनेश सोलंकी ने बताया कि शासन के सहयोग से निर्मित भवन का लोकार्पण हो जाने से संघ के काम में गति आएगी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के साथ लोगों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने में योगदान दे।

### प्राथमिक शाला में न्वोता भोजन कार्यक्रम



**मुंगेली।** प्राथमिक शाला संगवाकापा में न्वोता भोजन का कार्यक्रम रखा गया। शाला में कार्यरत शिक्षिका खिलेश्वरी खरे के द्वारा अपनी बेटी भूमिका खरे के जन्मदिन पर सभी बच्चों को खीर पूडी खिलाया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य निरजन साहू, सरपंच प्रतिनिधि होरीलाल गर्धव, सचिव युधिष्ठर वैष्णव, एसएमसी के अध्यक्ष कौशल सिंह नेताम, मधु बाजपेयी, अजय साहू, प्रधानपाठक शैल नेताम उपस्थित थे।

### आरटीई के बच्चों को निःशुल्क गणवेश वितरण

**लोरमी।** ग्राम लालपुर थाना में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेशित बच्चों को निःशुल्क यूनिफार्म प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी प्राचार्य परमेश्वर खांडेकर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फिर बच्चों को ड्रेस वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक भोला भार्गव, अश्वनी भार्गव, प्रताप सोनवानी, सुलेखा घृतलहरे , मितेश भार्गव,प्रधान पाठक मिथुन भार्गव विद्यालय के शिक्षिका किरण ओगरे, पिंकी पाटले, चांदनी ओगरे, अमीषा कोषले, कविता डहरिया और ग्रामवासी पालकगण उपस्थित रहें।

### कोल ब्लास्टिंग से हो सकती है दुर्घटना

**हरदीबाजार।** दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन में इतना मसगुल है कि उसे लोगों की जान-माल, सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की गंभीरता नहीं दिखा रहा है। मंलगांव व अमगांव दर्रा खांचा की जहां एक घना आबादी अभी भी निवासरत है और दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन के लिए बड़ी-बड़ी मशीनें और ब्लास्टिंग के लिए बारूद लगाकर क्षेत्र को दहला रहा है लेकिन दीपका प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार का कोई सुरक्षा के इंतेज़ार नहीं करने से दीपका प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजिमी है वहीं जिला प्रशासन को इस गंभीर समस्या पर प्रबंधन पर नकेल कसने की जरूरत है।

### पुटू खाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की बिगड़ी तबियत

**हरदीबाजार।** जंगली पुटू खाने से एक ही परिवार के 4 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। एक साथ सभी लोगों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होने पर आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चारों मरीजों का उपचार जारी है। बारिश के मौसम में मशरुम की आवक बढ़ जाती है। हरदीबाजार में निवासरत मिरी परिवार बलौदाबाजार से पुटू खरीदकर लाया गया था। अधिक मात्रा में पुटू होने के कारण एक दिन सब्जी बनाकर खाने के बाद शेष बचे पुटू की सब्जी को फ्रीज में रख दिया। जिसके बाद शुक्रवार को दोबारा पुटू की सब्जी बनाई गई। शुक्रवार की बीती रात पूरा मिरी परिवार ने एक साथ खाना खाया। खाने में पुटू सब्जी का सेवन किया गया।

सिटी बस की स्वीकृति के बावजूद कठिनाइयों का करना पड़ रहा सामना

# जिला बनने के 12 वर्ष बाद भी नागरिकों को सिटी बस की नहीं मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला बनने के लगभग 12 वर्ष व्यतीत होने के बाद वर्तमान में शहर का काफी विस्तार हो गया है। शहर की सभी दिशाओं में शैक्षणिक संस्थान, शासन के विभिन्न कार्यालय तथा व्यवसाय के नए-नए आयाम स्थापित हो गए हैं। इन स्थानों तक आम नागरिकों को पहुंचने में बड़ी मशक्कत एवं खर्च का सामना करना पड़ रहा है। शासन द्वारा जिला मुख्यालय में सिटी बस की सेवा प्रारंभ करने की स्वीकृति के बाद भी आज तक सिटी बस सेवा प्रारंभ नहीं होने से लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र के लोगों को सिटी बस की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समय पर बस या सवारी आटो नहीं आएं तो उन्हें मनमाने दर पर आटो रिक्शा आदि करवाना पड़ता है। सिटी बस प्रारंभ होने से आम लोगों का समय एवं धन दोनों बचेगा। जिले में मुख्य रूप से पण्डरिया मार्ग, रायपुर मार्ग, बिलासपुर मार्ग, लोरमी मार्ग, नवागढ़ मार्ग, रामगढ़ मार्ग, कोदवा लालपुर मार्ग पर सिटी बस चलाये जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि लोरमी मार्ग पर कंतेली तक स्कूल कालेज जाने वाले एवं उसी मार्ग पर आईटीआई पॉलटेक्निक कालेज, लाईवलीहूड कालेज सहित रोजगार कार्यालय भी ग्राम जमकोर में है। इसी तरह पण्डरिया रोड में चातरखार, सेतगंगा, फास्टरपुर में शासकीय महाविद्यालय, उसी मार्ग पर एग्रीकल्चर कालेज, जवाहर नवोदय विद्यालय, कस्तुरबा स्कूल छात्रावास आदि अनेक शैक्षणिक संस्थाएं है, जिनके छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन आना जाना पड़ता है। साथ ही बाहर से आने वाले अभिभावकों को भी गंतव्य तक पहुंचने के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है। नवागढ़ एवं रायपुर मार्ग पर एसएनजी महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय, सोनकर आईटीआई सहित राज्य आपूर्ति निगम के गोदाम एवं कार्यालय, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम है। जिससे लोगो को प्रतिदिन इस मार्ग पर आना-जाना रहता है। बिलासपुर मार्ग पर करही में कलेक्टोरेट सहित तमाम विभागों के जिला कार्यालय स्थित है। जिला पंचायत का भवन एवं बीज निगम का कार्यालय एवं गोदाम धरमपुरा में बनाया गया है। इस मार्ग पर यात्रियों की सर्वाधिक भीड़ रहती है। अनियमित समय पर चलने वाली यात्री बसों एवं आटो से ही लोग मजबूरन आना-जाना करते है। अन्य शहरों के तर्ज पर सिटी बस चलाये जाने की मांग क्षेत्र के नागरिकों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है। पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक पुन्नूलाल मोहले के कार्यकाल में स्वीकृत सिटी बस प्रारंभ नहीं हो पाई है। शासन द्वारा इसका परिचालन बिलासपुर नगर निगम को सौंपा गया था। किन्तु बिलासपुर नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के ध्यान नहीं देने के कारण यह महत्वपूर्ण योजना आज तक प्रारंभ ही नहीं हो पाई।




**जल्द प्रारंभ किया जाएगा**

सिटी बस में आ रही रूकावटों के संबंध में चर्चा कर इसे जल्द प्रारंभ किया जाएगा।

-पुन्नूलाल मोहले, विधायक मुंगेली



## पेण्ड्रा हाईस्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**पेंड्रा ।** एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया जा रहा है, इसके तहत पर्यावरण को संरक्षित करने की पहल की जा रही है। जिससे आने वाले समय में प्रकृति को हरा भरा हुआ रखा जा सकता है और मनुष्य के साथ साथ जीव जंतुओं को भी जीवन जीने में आसानी होगी। हम सभी को चाहिए कि पृथ्वी को साफ सुधरा व हरा भरा रखने के लिए पौधे लगाएं। अगर हम पौधे नहीं लगाएंगे और पेड़ों को काटते जाएंगे तो आने वाले समय में जंगल खत्म हो जाएंगे। जिससे लोगो का जीवन जीना मुहाल हो जाएगा। ऐसा न हो इसलिए पौधों का लगाना आवश्यक है। उक्त बातें नगर परिषद अध्यक्ष राकेश जालान ने हाईस्कूल में आयोजित पौधरोपण के वक़्त कही।एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष राकेश जालान, पार्षद राकेश चतुर्वेदी, प्राचार्य एलके डाहिरे सहित शिक्षक सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### सेमरसल में किया पौधारोपण

**लोरमी।** आयुर्वेदिक औषधालय ग्राम सेमरसल के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। जिसमें शाला के प्रधान पाठक शिक्षक आयुर्वेदिक औषधालय के कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। आयुर्वेदिक औषधालय के डॉ संदीप श्रीवास ने सभी को बढ़ चढ़कर पौधे लगाने के लिए आह्वान किया लोगों के जीवन रक्षा के लिए पेड़ों की सुरक्षा करना आज की पहली आवश्यकता बताई।

## पटवारी का स्थानांतरण करने ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा ज्ञापन

**सेतगंगा/मुंगेली।** ग्राम पंचायत के केशली एवं ग्राम पंचायत बीजातराई के सरपंच प्रतिनिधि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगेली कार्यालय में पटवारी हल्का नं. 1 में पदस्थ पटवारी उत्तम कुमार कुर्रे का स्थानांतरण के लिए ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी हल्का न. 1 में पदस्थ पटवारी जो ग्राम पंचायत बीजातराई, ग्राम पंचायत केशलीकला के प्रभार में पदस्थ है जिनका कार्य संतोषप्रद नहीं है।

उक्त पटवारी से ग्रामीण काफी परेशान है। पटवारी कार्यालय में नही रहते छोटे छोटे कार्यों के लिए पटवारी कार्यालय का बार बार चक्कर लगना पडता है। इसके अलावा छात्र, छात्राओं और पालकों को भी जाति, आमदानी, निवासी प्रमाण पत्र सहित अन्य कार्यो के लिए काफी मसक्कत करना पड़ता है।ज्ञापन सौंपने वाले में ग्राम पंचायत सरपंच बीजातराई अंजना मनोहर गबेल, ग्राम पंचायत सरपंच केशली राधिका जांगडे, मनोहर गबेल, तिलेश गबेल, धनकुमार बर्मन, रामगोपाल, अंजोरा, गोविंद गबेल, धनराज देवांगन, सुरज यादव, मोहनी निर्मलकर, कमलेश बंजारे, तेजराम कश्यप, संतोष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आज

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 14 जुलाई को बी.एस.सी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिले में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें डॉ. जे. पी. मिश्रा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली, शासकीय एस.एन.जी. महाविद्यालय मुंगेली, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली, जेसिस हायर सेकंडरी स्कूल मुंगेली, नगरपालिका शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल मुंगेली और सुखनंदन महाविद्यालय मुंगेली शामिल है। इन परीक्षा केंद्रों में कुल 1699 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए शामिल होंगे। जिले में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा के संचालन हेतु संयुक्त कलेक्टर अजीत पुजारी को नोडल अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी रामनाथ गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी और शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली के प्राचार्य सुधीर तिवारी को समन्वयक बनाया गया है।

## इमाम हुसैन की शहादत को याद करने वाला शोक पर्व मोहर्रम कुर्बानी की देता है सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

हिजरी कैलेंडर में इस्लाम धर्म का पहला महीना मोहर्रम का होता है। यह पाक महीना इस्लाम के मानने वालों को प्रेम भाईचारा, नेकी तथा कुर्बानी की शिक्षा देता है। सच्चाई और धर्म के रास्ते पर चलकर अपना सब कुछ बलिदान कर देने वाले इमाम हुसैन की शहादत को याद करने वाला शोक पर्व मोहर्रम का इस्लाम धर्म में विशेष महत्व है यह पर्व हमें सत्य की असत्य पर जीत की याद दिलाता है और इंसानियत के लिए कुर्बानी देने की सीख देता है।

मोहर्रम के इस पवित्र महीने में दाऊदी बोहरा समाज तखतपुर में मुंबई से पधारे मुल्ला अली असगर भाई साहब वजीरी द्वारा प्रतिदिन इमाम हुसैन की याद में तकरीर की जाती है जिसमें पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन के द्वारा इस्लाम को बचाने के लिए दी गई कुर्बानियों को याद किया जाता है। इमाम हुसैन जिन्होंने सच्चाई और इंसानियत के लिए जुल्म के आगे सर न झुकाते हुए कर्बला में तीन दिनों की भूख और प्यास को सहते हुए अपने पूरे परिवार के 72 सदस्यो सहित शहीद हो गए। उन्होंने दुनिया को यह दिखा दिया कि जुल्म या असत्य चाहे कितना भी बड़ा व ताकतवर क्यों ना हो परंतु जीत हमेशा इंसानियत व सच्चाई की होती है आज पूरे विश्व में उनके बलिदान को याद करते हुए मोहर्रम के महीने में उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी जाती है और उनके बताये हुए रास्तो पर चलने की सीख दी जाती है । इस अवसर पर मुल्ला शब्बीर कपासी, जाफर कपासी, सिराज वनक, शब्बीर शाम, कुतुबुद्दीन भारमल, शब्बीर लक्ष्मीधर, ताहेर लक्ष्मीधर, यूसुफ वनक, सादिक कपासी, अब्बास हिरानी, जाकिर कपासी, मोईन वनक, युसूफ भारमल, मुर्तुजा लक्ष्मीधर, परवेज भारमल, हातिम लक्ष्मीधर, यूसुफ लक्ष्मीधर होजेफा कपासी, शब्बीर सीमेंटवाला, युसूफ लक्ष्मीधर, सैफ़ुद्दीन शाम, अदनान अली, मंसूर, इब्राहिम, मोइज भारमल, मोहम्मद कपासी, अब्दे अली, होजेफा भारमल, हाशिम भारमल, हमजा भारमल, मोइन वनक, मुस्तफा वनक, कुशय, हातिम, हुसैन, अब्बास, मुर्तुजा, मुस्तफ़ा, ताहा, अली असगर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित हो रहे है।



कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिकजन।

## गर्ल्स स्कूल के पास अतिक्रमण से छात्राओं को खतरा, प्राचार्य ने की थाने में शिकायत

**कटघोरा।** नगर के चौक के पास स्थित शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर दुकानों का संचालन किए जाने से स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को असामाजिक तत्वों से खतरा उत्पन्न हो गया है। दुकानों में बैठकर असामाजिक तत्वों छात्राओं को परेशान किया जा रहा है, जिसकी शिकायत प्राचार्य ने पुलिस में की है। शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य ने इन सभी समस्याओं को लेकर इसके पूर्व भी नगर पालिका को कई दफा शिकायत कर चुकी है, लेकिन असज दिनांक तक नगर पालिका परिषद द्वारा इस ओर अतिक्रमण हटाने की कोई कार्यवाही नही की गई है। कन्या स्कूल की प्राचार्य ने अब इसकी शिकायत कटघोरा थाना में की है। जिसमें उन्होंने स्कूल के आसपास लगे अतिक्रमण से होने वाली समस्यासों से अवगत कराया है। उन्होंने आग्रह किया है कि कन्या स्कूल में स्कूली छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही करने को कहा है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि कन्या स्कूल की प्राचार्या ने शिकायत की है।




## राज पब्लिक स्कूल में मना पेरेंट्स डे

**खतपुर।** राज पब्लिक स्कूल में ग्रेंड पेरेंट्स डे डायरेक्टर परमित बग्गा की उपस्थिति में मनाया गया। जहां पालकों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर परमित सिंह बग्गा ने कहा कि बच्चों के लिए सिखने का जो वातावरण है वह घरों में पैरेंट्स ही निर्माण करते है और उसी के आधार में बच्चें स्कूल में आकर अपनी गतिविधियों का संचालन करते है एक बच्चें के सिखने और सीखाने में पालक और शिक्षक दोनों का महत्वपूर्ण रोल रहता है दोनों एक दूसरे के पूरक है जहां एक स्कूल में तो दूसरा घर में बच्चों के लिए उचित वातावरण बनाते है। राज पब्लिक में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया तथा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन इनके लिए किया गया जिसमें पालकों ने उत्साह पूर्वक सहभागीता निभाई। इस अवसर पर सुलेखा गुप्ता, रसल फ्रांसीस, राजकुमार पाटनवार, राजेश्वरी पाण्डेय, तिक्षा पाण्डेय, साईना अंसारी, सविता जायसवाल, रूचिता सिंह, एंजिलिना नान्हे, ममता शर्मा, रंजीता नान्हे, उपासना पाण्डेय, प्रतिमा ठाकुर, विनिता ठाकुर, खुशबू ठाकुर, जेश्रीनिवास, अंजली पात्रे, लक्ष्मी, काजल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 31 हाथियों के झुंड के बाद दंतैल ने दी दस्तक

**कोरबा।** पिछले कई दिनों से कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। तो वही दूसरी ओर धरमजयबढ़ वनमंडल से एक नए दंतैल हाथी का आगमन कोरबा वनमंडल में हो गया है। जिससे जंगल में रहने वाले लोगों की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ गई है। दंतैल के आगमन को लेकर वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कर लगातार लोगों को सजग करने में लगी हुई है। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज अंतर्गत गीतकुंआरी में दंतैल हाथी की इंट्री के बाद ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। हालांकि दंतैल ने यहां आने के बाद कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग सतर्कता बरत रहा है।

## मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण मुंगेली में आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली





देश में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का मंत्री व वरिष्ठ नेताओं द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विधायक पुन्नूलाल मोहले, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह एवं वरिष्ठ नेता मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने बताया कि मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम 14 जुलाई रविवार को प्रातः 10 बजे से कृषि उपज मंडी प्रांगण मुंगेली में आयोजित है।

### आयुष मेडिकल एसोसिएशन चिकित्सक सम्मेलन कल

**कोरबा।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन 15 जुलाई की दोपहर 12 बजे से होटल हेरिटेज इन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं हिमालया फार्मा जेनीथ डिवीजन बैंगलोर के संयुक्त तत्वाधान में मधुमेह रोग पर विशेष संभाषा परिषद के रूप में आयोजित है। जिसमे हिमालया फार्मा बैंगलोर के मैनेजर साइंटिफिक सर्विसेस डॉ.विपिन कटारिया द्वारा आयुर्वेदानुसार मधुमेह रोग के कारण, निदान एवं उपचार पर विशेष प्रकाश डालकर इस विषय पर चिकित्सकों के अनुभवों को साझा करने के साथ परिचर्चा की जाएगी।

## बोड़तराकला में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

चिल्फी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम बोड़तरा कला में खुले आम अवैध शराब बिक रही है। ग्रामीणों के द्वारा शिकयत के बाद भी आबकारी व पुलिस विभाग मौन साधे हुए है।

लोरमी पंडरिया मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम बोड़तराकला में कोचियों के द्वारा अवैध शराब बेची जा रही है। दुकान में 90 रुपए की एक क्वार्टर कोचिया 120 रूपए तक खुले आम बेचते है। गांव में अबैध शराब की बिक्री की वजह से देर रात तक माहौल खराब रहता है। उल्लेखनीय है कि गांव- गांव में अवैध शराब की बिक्री जमकर हो रही है, पिछले दिनों तीन- चार कार्रवाई की बात करें तो आबकारी विभाग ने बड़ी मात्रा में कच्ची शराब को तो पकड़ा लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आए।

**संज्ञान में आया है**

अवैध शराब बिक्री का मामला संज्ञान में आया है। टीम भेजकर कार्रवाई की जाएगी। आबकारी इंस्पेक्टर को निर्देशित कर दिया हूं। यहां पहले भी अवैध शराब के मामले में कार्रवाई की जा चुकी है।

-प्रकाश पाल, जिला आबकारी अधिकारी मुंगेली

## नवंबर से लागू होगी नई औद्योगिक नीति बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 1 नवम्बर से लागू होगी। नई औद्योगिक नीति के आधार पर यहां निवेश करने का एक बड़ा आकर्षण होगा, जो न केवल राज्य के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा। इससे प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और नए रोजगार का सजृन होगा। प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधे स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं।



लखनलाल।

उक्त बातें वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने रायपुर के तेलीबांधा में आयोजित नेशनल स्टॉक एक्सजेंज सेमीनार के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कही। श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हाल ही में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 का शुभारंभ किया है। पोर्टल पर एक बार आवेदन से ही सभी विभागों का क्लीयरेंस मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार का गठन हुए 7 महीने होने जा रहा है। इसमें 3 महीना लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता में बीत गए। प्रदेश की नई सरकार को काम करने का मात्र तीन महीना ही अभी मिल पाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से राजय में अब डबल इंजन की सरकार हो गई है। इसे प्रदेश का तेजी से विकास होगा। छोटे और मध्यम उद्योग हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए नई ऊर्जा का स्त्रोत है। प्रधानमंत्री के विजन 2047 तक विकसित भारत और विकसित राज्य का निर्माण कैसे होगा, इस दिशा में काम किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि उद्योग और श्रम विभाग का परस्पर संबंध है। छत्तीसगढ़ के बजट को अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। हमें विश्वास है कि इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी हमारी उद्यमियों और कंपनियों की होगी। उद्योग विभाग के समन्वय से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमीनार का आयोजन किया गया था। इस सेमीनार में स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को शेयर मार्केट के माध्यम से निवेश प्राप्त करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

## हल्दीराम के उत्पाद को हर दुकानदार तक पहुंचाने मेहनत करेंगे : टेकचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

**बिजनेस प्लस**

हल्दी राम कम्पनी 2024 वितरक सम्मेलन में नगर के वासुदेव स्टोर्स के संचालक का सम्मान रायपुर में किया गया। कम्पनी ने पिछले वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष में जो नए उत्पाद बाजार में उतारे उन उत्पाद को कैसे बाजार में प्रस्तुत करना है और कैसे ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पेठ बनानी है इस पर आर एस एम सचिन शर्मा ने कहीं।

रायपुर होटल में आयोजित हल्दीराम के वार्षिक सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के सभी वितरक उपस्थित रहे जिसमें 2023_ 24 में हल्दी राम कम्पनी के उत्पादों में लक्ष्य पूर्ति, सर्वाधिक उत्पाद वितरण, कुशल मार्गदर्शन से बाजार में अपने उत्पाद को अच्छी तरह उपलब्ध कराने के लिए मेहनत करने वाले रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, धमतरी सहित अन्य क्षेत्र के वितरकों का सम्मान हल्दीराम रायपुर के विशाल अग्रवाल, आर एस एम सचिन शर्मा और भूदेव पाण्डेय ने किया। तखतपुर नगर हल्दीराम के वितरक टेकचंद कारड़ा ने सम्मेलन में बताया कि वे पिछले 27 वर्षो से हल्दीराम परिवार से जुड़े हुए है और ग्रामीण क्षेत्रों में हल्दीराम, मिक्चर, चिप्स, मिठाई, गिफ्ट पेक आदि के लिए अपना स्थान बनाया हुआ है और कम्पनी के हर उत्पाद को बाजार के हर दुकानदार तक पहुंचाने के लिए मेहनत करेंगें। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के अन्य वितरकों में भी अपनी अपनी हल्दीराम कम्पनी की बेहतरी के लिए सुझाव दिए। कम्पनी के आर एस एम सचिन शर्मा ने हल्दीराम कम्पनी की शुरूआत और उसकी पूरी यात्रा के विषय में जानकारी दी। और कम्पनी द्वारा आने वाले समय में अपने बाजार को और मजबूत करने के लिए नए उत्पाद के साथ आने वाले समय में हर उपभोक्ता तक अपनी पहचान बनाऐगी।

इस अवसर पर विकास अग्रवाल, सचिन शर्मा, भूदेव पाण्डेय, राहुल चौहान, अजय मिश्रा, विकास चौहान, शंकर सिंह, रूपेश कुमार, मनीष मिश्रा, अभिजित सरकार, अखनंद सिंह, शंकर जायसवाल, सौभिक चौधरी, खूबचंद शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान संचालक का सम्मान करते हुए।